ओडिशा	आनंदपुर बैराज, तेलंगिरी, रेट सिंचाई कानुपुर, लोअर सुक्तल, लोअर इंदिरा तथा रूकुरा जनजातीय परियोजना	सात परियोजनाओं में, पी.ए.पी. के आंदोलन, स्टाफ की कमी व भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार, पुनर्वास और पुनस्थपिन अधिनियम, 2013 के अंर्तगत क्षति पूर्ति की माँग, के कारण 19,945 विस्थापित परिवारों में से केवल 10,336 का पुनर्वास किया जा सका। प्रतिशत में, आर. एंड आर. उपाय लोअर इंदिरा परियोजना के मामले में तीन तथा लोअर सुक्तल परियोजना के मामले में 98 प्रतिशत थे। लोअर सुक्तल तथा कानुपुर सिंचाई परियोजना के मामलों में, विस्थापित लोगों के क्षोभ की वजह से कार्यों का प्रभावित होना सूचित किया गया।
तेलंगाना	इंदिराम्मा बाढ़ बहाव नहर परियोजना	थोटापल्ली बैलेंसिग रिज़रवॉयर (टी.बी.आर.) के कार्य तथा आर. एंड आर. संबंधी मुद्दों, ने शाखा नहर व वितरिकाओं के कार्यों को प्रभावित किया जिससे परियोजना के अंतर्गत आई.पी. को गैर-निर्माण हुआ।
	राजीव भीमा एल.आई.एस.	आर. एंड आर. उपायों की गैर-पूर्णता तथा कनईपल्ली गांव के परित्याग/निष्क्रमण में देरी की वजह से शंकरा समुदरम बैलेंसिंग रिज़रवॉयर बंड का एक भाग अपूर्ण रहा तथा पानी इसकी 1.82 टी.एम.सी. की पूर्ण क्षमता के साथ परिबद्ध नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप, आई.पी. निर्माण 54 प्रतिशत था।

अनुबंध 4.11

(पैरा संख्या 4.8 का संदर्भ लें)

एम.एम.आई. परियोजनाओं में मंज़ूरी प्राप्त करने में कमियाँ

क्र.सं.	राज्य	परियोजना	मुद्दे
1.	बिहार	दुर्गावती	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलन के दौरान वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
2.	गुजरात	अजी-IV	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलन के दौरान वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
3.		भादर-II	
4.		सरदार सरोवर	कच्छ मरू वन्यजीव अभ्यारण से वन मंज़ूरी तथा रेल मंत्रालय की ओर से मंज़ूरी प्राप्त नहीं किया गया।
5.	झारखण्ड	सुरंगी	पर्यावरण मंज़ूरी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
6.		सोनुआ	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
7.		गुमानी	पर्यावरण तथा रेल मंत्रालय की मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
8.		पंचखेड़ो	पर्यावरण मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
9.	कर्नाटक	घाटप्रभा चरण-II	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत सम्मिलन के दौरान वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
10.	मध्य प्रदेश	सिंध चरण-II	पर्यावरण मंज़ूरी फरवरी 2000 में प्राप्त की गई थी, यद्यपि 1998-99 में यह ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत शामिल किया गया था।
11.		महुअर	पर्यावरण मंज़ूरी मई 2014 में प्राप्त की गई, जबकि 2013-14 में परियोजना को ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत शामिल किया गया था।
12.	महाराष्ट्र	वर्ना	ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत समावेश के दौरान वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
13.		तराली	रेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
14.	ओडिशा	आनंदपुर बैराज	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
15.		निम्न इन्दिरा	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
16.		निम्न सुक्तल	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
17.		रेट सिंचाई	वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
18.		तेलिंगिरी	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
19.		कानुपुर	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी तथा एन.एच.ए.आई. की ओर से मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
20.	तेलंगाना	इंदिराम्मा बाढ़ बहाव नहर	पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
21.		श्री कोमरमभीम	रेल मंत्रालय की ओर से मंज़ूरी प्राप्त नहीं।
22.	पश्चिम बंगाल	टाटको	वन मंज़ूरी प्राप्त नहीं।

अनुबंध 4.12

(पैरा संख्या 4.9.4 का संदर्भ लें)

कार्य को सौंपने में कमियां तथा अनियमितताएं

राज्य	परियोजना	अवलोकन
		एम.एम.आई. परियोजनाएं
असम	धनसिरी सिंचाई परियोजना	₹ 77.41 लाख की कीमत वाले तीन कार्यों को एक अकेले बोलीदाता को, कार्य आदेश जारी होने के 30 दिन के अंदर कार्य पूरा किए जाने की शर्त के साथ ₹ 76.63 लाख की अनुबंध लागत पर समय की कमी का हवाला देते पुनः निविदा जारी करने के विकल्प का उपयोग किए बिना सौंपा। जबकि ठेकेदार को मार्च 2017 तक ₹ 54.26 लाख की कुल राशि का भुगतान किया गया, लेकिन जुलाई 2017 तक कार्य अपूर्ण था, जो यह दर्शाता है कि तत्परता के आधार पर पुनः निविदा के बिना कार्य आबंटन का निर्णय न्यायसंगत नहीं था।
गुजरात	सरदार सरोवर परियोजना	• निविदा दस्तावेजों में प्रावधान था कि यदि सफल बोलीदाताओं द्वारा उदधृत दर अनुमानित कार्य की लागत से काफी कम हो, तब परफोरमेन्स गारंटी/सुरक्षा राशि में वृद्धि की जायेगी। लेखापरीक्षा में पाया गया कि अप्रैल 2016 तथा मार्च 2017 के बीच सौंपे गए 53 कार्यों में से, 12 कार्यों में निविदा दर अनुमानित लागत से 30 से 40 प्रतिशत नीचे थे। तथापि, परियोजना प्राधिकारियों ने कोई भी अतिरिक्त गारंटी या सुरक्षा नहीं ली जैसा कि निविदा दस्तावेजों में प्रावधान था। • भूमि अधिग्रहण, रूपांकन तथा नहर की मार्ग रेखा संबंधी मुद्दों की वजह से नर्मदा मुख्य नहर का कार्य पूर्ण होने के बाद ₹ 4,053.81 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ कच्छ शाखा नहर का कार्य सौंपने में चार से नौ वर्ष तक की देरी थी।
झारखण्ड	सुबर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना	• झारखण्ड लोक निर्माण विभाग कोड के अनुसार, अकेले बोलीदाता के मामले में, निविदा प्रक्रिया निरस्त की जानी चाहिए तथा पुनः निविदा प्रस्तुत करनी चाहिए। यदि पुनः निविदा में फिर से एक बोली प्राप्त होती है तो इसे स्वीकार करने के अनुमोदन हेतु अगले उच्च प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए। "द्वार इत्यादि के साथ खरकई बैराज के निर्माण" के कार्य के लिए पूर्व-योग्यता में, चार बोलीदाता योग्य पाए गए। हालांकि तकनीकी मूल्यांकन के दौरान केवल एक बोलीदाता ही तकनीकी रूप से योग्य पाया गया। कोडल प्रावधानों के उल्लंघन में, पुनः निविदा प्रक्रिया में गए बिना ₹ 257.98 करोड़ के लिए विभागीय

राज्य	परियोजना	अवलोकन
		निविदा समिति द्वारा अकेले बोलीदाता को कार्य सौंपा गया (जुलाई 2013)। • 'झारखण्ड पी.डब्ल्यू.डी. कोड, निविदा को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए तीन से 15 दिन के भीतर का समय प्रदान करती है। हालांकि, 70 जांच-परीक्षण किए गए कार्यों में से ₹ 981.45 करोड़ की राशि के 62 में कार्य को सौंपने में तीन से 241 दिनों की देरी थी।
मध्य प्रदेश	सिंध, बाणसागर तथा महुअर परियोजना	एम.पी.डब्ल्यू.डी. नियमावली के प्रावधानों के अनुसार, ₹ दो लाख से अधिक की कीमत के कार्यों को व्यापक रूप से प्रचारित खुली निविदा के माध्यम से सौंपा जाना अपेक्षित है। एम.पी. भंडार खरीद नियम, में भी ₹ 25,000.00 से अधिक की कीमत के कार्यों के लिए निविदाओं के आमंत्रण के लिए प्रावधान है। आगे, इन खरीद नियमों के अनुसार, आरक्षित वस्तुओं की खरीद मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम (एम.पी.एल.यू.एन.) के माध्यम से की जानी चाहिए तथापि, इस संदर्भ में, उपरोक्त परियोजनाओं के साथ, संबंधित विभाग ने, कोडल प्रावधानों के उल्लंघन में दो एजेंसियों को सीधे पूर्ति आदेश के माध्यम से ₹ 129.58 करोड़ की राशि पर कार्यों जैसे द्वारों का प्रतिष्ठापन तथा पूर्ति, एम.एस. स्टील कृत्रिम जलसेतु, फुट ब्रिज, पाइपलाईन, ह्यूम पाइप, नहर रेलिंग तथा साइन बोर्ड इत्यादि को सौंपा। सिंध तथा बाणसागर परियोजनाओं संबंधी खरीद राज्य के आर्थिक अपराध विंग की जांच-पड़ताल के अंतर्गत है।
मध्य प्रदेश	महुअर	अनुबंध की नियम व शर्तों के अनुसार, ठेकेदार को बिना प्रभागीय अधिकारी के लिखित अनुमोदन के कार्य को सौंपना या उप-भाड़े पर नहीं देना होगा, जो भुगतान केवल अनुबंधित ठेकेदार को कर सकता है तथा सीधा उप-किराएदार को नहीं। आगे, एम.पी.डब्ल्यू.डी. नियमावली के एम.पी. भंडार खरीद नियमों के अनुसार, ₹ 25000 से अधिक कीमत वाले सभी कार्यों को एक पारदर्शी तरीके से अखबार में विज्ञापन देने के द्वारा केवल खुली निविदा के माध्यम से सौंपना चाहिए। सभी मापने योग्य कार्य अभिलिखित किए जाएंगे तथा जांच माप रजिस्टर व माप पुस्तक में ई.ई. तथा एस.डी.ओ. द्वारा जांच व इसके उचित अभिलेखन के बाद भुगतान किया जाएगा। हालांकि, यह अवलोकन किया गया कि मुख्य कार्य में ₹ 21.39 करोड़ तथा नहर में ₹ 2.10 करोड़ की कीमत के कार्यों को, कार्यों के वास्तविक अनुबंध के दौरान बिना निविदा आमंत्रण के अनियमित रूप से उप-किरायेदारों द्वारा लघु वाउचर के माध्यम से निष्पादित

राज्य	परियोजना	अवलोकन
		किया गया। सभी भुगतान, कार्य के माप के अभिलेखन के बिना तथा एस.डी.ओ./ई.ई. द्वारा जांच के बिना अर्थात् कार्य की मात्रा व गुणवत्ता को सुनिश्चित किए बिना किए गए। आगे, भुगतान सीधे उप-किरायेदारों/छोटे ठेकेदारों को किए गए, जो अनियमित था।
महाराष्ट्र	तराली, अर्जुन तथा कृष्णा कोयना एल.आई.एस.	• महाराष्ट्र लोक निर्माण नियमावली (एम.पी.डब्ल्यू.) उपबंधित करता है कि अतिरिक्त मद जो योजना के भाग के रूप में निष्पादित की जानी है तथा वास्तविक अनुबंध से अविभाज्य है तथा एक अलग एजंसी दवारा निष्पादित नहीं की जा सकती है, के अलावा, अनुबंध में दिए गए सभी कार्यों हेतु निविदाएं सदैव सार्वजनिक रूप से आमंत्रित की जानी चाहिए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि तराली तथा अर्जुन परियोजनाओं में इन प्रावधानों के उल्लंघन में, ₹ 171.63 करोड़ की राशि के कार्य, जो वास्तविक कार्य (₹ 220.64 करोड़ राशि के) से पूरी तरह भिन्न तथा अलग थे, को बिना निविदा प्रक्रिया व प्रतियोगी बोली के ठेकेदारों को आबंटित किया गया। इसी प्रकार, कृष्णा कोयना एल.आई.एस. में ₹ 19.46 करोड़ की राशि के अतिरिक्त कार्य जो वास्तविक कार्य (₹ 22.02 करोड़) से अलग थे, को बिना निविदा प्रक्रिया के ठेकेदार को आवंटित किया गया। • इसके अतिरिक्त, 2006-07 में कृष्ण कोयना एल.आई.एस. के मामले में, महाराष्ट्र सरकार (जी.ओ.एम.) नें, तत्परता की वजह से सहकारी चीनी मिलों को कार्य को सौंपने हेतु अनुमोदन दिया। हालांकि, ₹ 43.34 करोड़ की लागत के 29 कार्यों को महाराष्ट्र सरकार के अनुमोदन पश्चात दो से पांच वर्षों के बाद बिना किसी निविदा प्रक्रिया के सहकारी समितियों को सौंप दिया। चीनी सहकारी समितियों के कार्य को सौंपना, कोडल प्रावधानों का उल्लंघन था तथा तत्परता के आधार पर उनके नामांकन में औचित्य की कमी को दर्शाता है क्योंकि कार्य दो से पाच वर्ष की देरी के बाद सौंपे गए।
ओडिशा	लोअर सुक्तल तथा तेलंगिरी सिंचाई परियोजनाएं	• लोअर सुकतेल सिंचाई परियोजना के तहत, जनवरी 2011 में ई-निविदा के माध्यम से ₹ 44.00 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 490 मीटर से 1,410 मीटर के मिट्टी के बांध के निर्माण के लिए बोली आमंत्रित की गई। क्योंकि निविदा को 90 दिनों के अंदर अंतिम रूप नहीं दिया गया था, बोलीदाताओं को उनकी बोली की वैद्‌यता दो बार बढ़ाने को कहा गया। निविदा समिति (टी.सी.) ने इस शर्त के साथ फर्म एक्स को कार्य सौंपने की सिफारिश की (सितम्बर 2011) कि अनुबंध के प्रत्याहरण किये

राज्य	परियोजना	अवलोकन
		जाने से पहले बोलीदाता ₹ 5.28 करोड़ की अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा राशि जमा कराएगा। निविदा समिति के अनुमोदन के दो माह के पश्चात, फर्म एक्स को 30 नवम्बर 2011 तक अनुबंध का निष्पादन करने को कहा गया। फर्म ने अनुबंध के निष्पादन तथा अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा राशि को प्रस्तुत किए जाने के लिए 30 दिन का अनुरोध किया अनुरोध किया, जिसे स्वीकार नहीं किया गया तथा इसकी ई.एम.डी. जब्त कर ली गई। तत्पश्चात् 16 महीने बाद कार्य को मेसर्स ओ.सी.सी. लिमिटेड, एक राज्य पी.एस.यू. को, अप्रैल 2013 में ₹ 59.90 करोड़ के प्रस्तुत दर पर सौंपा गया। अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा राशि को जमा करने पर जोर देना तथा योग्य बोलीदाता को समय बढ़ाने की अनुमति के लिए मना करना जबकि बोली वैद्यता, परियोजना अधिकारियों के अनुरोध पर दो बार बढ़ाई गई तथा पी.एस.यू. को कार्य सौंपने विवेक की कमी को दर्शाता है क्योंकि इसके परिणाम से ₹ 26.12 करोड़ की अतिरिक्त लागत हुई। • कन्द्रीय सतर्कता आयोग के अनुसार, कार्यों को खुली निविदा के आधार पर सौंपा जाना चाहिए तथा नामांकन के आधार पर सौंपे जा रहे कार्य कोडल प्रावधानों का उल्लंघन है। लोअर सुक्तल सिंचाई परियोजना में 'स्पिलवे के निर्माण' का शेष कार्य तथा 'अर्थ डैम' का कार्य ₹ 164.74 करोड़ की कुल संस्वीकृत लागत के साथ 10 प्रतिशत उपरी प्रभार को शामिल करते हुए ₹ 200.64 करोड़ की कीमत पर ओ.सी.सी. लिमिटेड एक पी.एस.यू. को बिना निविदा प्रक्रिया के सौंपा गया। • तेलंगिरी मुख्य नहर के उत्खनन हेतु, मुख्य निर्माण अभियंता (सी.सी.ई.), उच्च कोलाब परियोजना (यू.के.पी.) ने ₹ 26.62 करोड़ की अनुमानित लागत पर एक सामान्य निविदा बुलावा सूचना-पत्र के माध्यम से चार कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की (मार्च 2012)। निविदा समिति ने निविदा रद्द कर दी क्योंकि संयुक्त मूल्यांकन मानदंडों को निविदा दस्तावेज में समेकित नहीं किया गया था। तत्पश्चात्, सी.सी.ई. ने एस.ओ.आर. के संशोधन की वजह से ₹ 26.34 करोड़ की अनुमानित लागत (पूर्व निविदा में तीन कार्यों की लागत ₹ 23.51 करोड़ थी) के साथ प्रासंगिक मापदंडों को समेकित करने के पश्चात तीन कार्यों हेतु नई बोली आमंत्रित की (अक्टूबर 2012)। इस प्रकार, प्रारंभिक निविदा दस्तावेज में संयुक्त मूल्यांकन मापदंड का समावेश करने में प्राधिकारी की असफलता का परिणाम, निविदा चरण पर ही ₹ 2.83 करोड़ की अतिरिक्त लागत हुआ।

राज्य	परियोजना	अवलोकन
राजस्थान	गंग नहर का आधुनिकीकरण	गंग नहर के आधुनिकीकरण पर पी.सी.सी. ब्लाक लाइनिंग का कार्य (पी.सी.सी. ब्लाक के निर्माण की लागत को शामिल करके) निविदा लागत के 4.74 प्रतिशत से 5.80 प्रतिशत नीचे पर आबंटित किया गया। लेखापरीक्षा संवीक्षा ने उजागर किया कि विभाग ने निविदा प्रीमियम के 5 प्रतिशत ऊपर पर पी.सी.सी. ब्लॉक के उत्पादन व पूर्ति कार्य हेतु अन्य ठेकेदार को पृथक कार्य आदेश जारी किया जबकि यह कार्य पी.सी.सी. ब्लॉक लाइनिंग कार्य में शामिल था। परिणामस्वरूप, पी.सी.सी. ब्लॉक लाइनिंग हेतु निविदा दरों तथा पी.सी.सी. ब्लॉक निर्माण हेतु अनुमति दी गई दरों में 9.74 प्रतिशत से 10.80 प्रतिशत की रेंज में अंतर की वजह से ₹ 30 लाख का अतिरिक्त व्यय हुआ।
उत्तर प्रदेश	बाणसागर नहर परियोजना तथा मध्य गंगा नहर परियोजना	• वित्तीय हैंडबुक भाग VI में निर्धारित एन.आई.टी. हेतु 30 दिन के प्रावधान के विरूद्ध बाणसागर नहर परियोजना में, विभाग ने ₹ 403.46 करोड़ की अनुमानित लागत पर शेष कार्य के निर्माण हेतु 15 दिन के नोटिस के साथ निविदा आमंत्रित की (सितम्बर 2012)। चार बोलीदाताओं ने उनकी बोली प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा जो नहीं दिया गया तथा परिणामस्वरूप निविदा में भाग नहीं ले सके। अंत में, बोली, जनवरी 2013 में एक अन्य फर्म को सौंप दी गई अर्थात् चार महीने की देरी के बाद। इस प्रकार, एक बड़े अनुबंद में 15 दिन का सीमित निविदा नोटिस न केवल कोडल प्रावधानों का उल्लंघन था बल्कि औचित्य में भी कमी थी क्योंकि इसने प्रतियोगिता को घटा दिया। • ₹ 23.68 करोड़ की कीमत वाले बाण सागर नहर परियोजना के एक अनुबंध तथा मध्य गंगा नहर परियोजना चरण II के पांच अनुबंधों में, बोली प्रस्तुत करने के लिए दिया गया समय पर्याप्त नहीं था तथा कोडल प्रावधानों के उल्लंघन में 15 से 23 दिनों की रेंज में था। • बाणसागर तथा मध्य गंगा परियोजनाओं में आठ अनुबंधों की संवीक्षा से उजागर हुआ कि ₹ सात करोड़ के दो अनुबंध, एकल निविदा के आधार पर सौंपे गए। किसी भी मामले में पुनः निविदा प्रक्रिया नहीं की गई तथा अनुबंध, बिना प्रतियोगी बोली के हस्ताक्षरित किए गए।
	एम.आई. योजनाएं	
महाराष्ट्र	उन्केश्वर के.टी.	योजना को 2007-08 में, ₹ 2.07 करोड़ के मूल अनुमोदन लागत के साथ ए.आई.बी.पी. में शामिल किया गया। भारत सरकार ने

राज्य	परियोजना	अवलोकन
		2008-09 में परियोजना को ₹ 1.12 करोड़ जारी किए। उनकेश्वर केटी बंधिका के निर्माण हेतु कार्य को, सितम्बर 2010 को पूर्ण करने की नियत तिथि के साथ ₹ दो करोड़ में ठेकेदार को सौंपा गया (मार्च 2008)। कार्य की शुरूआत से पहले, परियोजना प्राधिकारी द्वारा उनकेश्वर के.टी. बंधिका को उच्च स्तर बैराज में बदलने (अगस्त 2009) का फैसला लिया गया जिससे कार्य लागत ₹ 89.76 करोड़ बढ़ गई। लागत व कार्यक्षेत्र दोनो में व्यापक बदलाव के बावज़ूद, परियोजना प्राधिकारी ने कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित करने की बजाय उसी ठेकेदार से कार्य कराया। अगस्त 2009 में, इस कार्य को ए.आई.बी.पी. से अलग करने के लिए एक प्रस्ताव बनाया गया जिसका निर्णय अभी भी प्रतीक्षारत था। यह देखा गया कि इसी बीच ₹ 59.86 करोड़ का भुगतान ठेकेदार को दिया गया तथा ₹ 2.07 करोड़ की राशि ए.आई.बी.पी. निधियों से सितम्बर 2014 तक उपयोग की गई जिसके बाद कार्य को रोक दिया गया।
मिजोरम	ज़िलंगदई बुहचंगदिल, तुईकुअल, मट तथा त्लाबुंग	₹ 5.56 करोड़ की पांच एम.आई. योजनाओं के मामले में, निविदाओं हेतु व्यापक प्रचार नहीं किया गया तथा निम्नतम बोलीदाताओं का चयन नहीं किया गया।
	अवमपुइफई, बुहचंगदिल, चानगटे, फुयानलुई, लोअर टुइमुक, मट, मिडुमफई, थांगपुइलुई, तुइकुअल तथा ज़िलगंई	दस अन्य योजनाओं को विभागीय दायित्व में शुरू किया गया परंतु जी.एफ.आर. प्रावधानों के विचलन में तथा ₹ 4.57 करोड़ की कीमत की निर्माण सामग्रियों को बिना निविदाओं के बुलावे के खरीदा गया।
मेघालय	रिंगदी एफ.आई.पी., लैपडकोह एफ.आई.पी., कोलाइगोन एफ.आई.पी., सारीखुशी एफ.आई.पी., बाकंडा एफ.आई.पी., जाजिल एफ.आई.पी.,	11 योजनाओं के मामलों में, प्रशासनिक अनुमोदन तथा वित्तीय स्वीकृति की प्राप्ति की तिथि से एक महीने से लगभग दो वर्षो की रेंज की अवधि तक कार्य आदेश जारी करने में देरी हुई। देरी, निधि के प्रावधानों में देरी की वजह से थी।

राज्य	परियोजना	अवलोकन
	अमसोहखरी एफ.आई.पी., नेनगजा बोलचूगरे एफ.आई.पी., थेपडेड्नगंगन एफ.आई.पी., उमसोहफरिया एफ.आई.पी. तथा मारमेनखुशवई एफ.आई.पी.	

अनुबंध 4.13

(पैरा संख्या 4.9.5.1 का संदर्भ लें)

अनियमित व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
एम.एम.आई. परियोनजाएं			
आंध्र प्रदेश	3.27	गुंडलाकम्मा परियोजना	• परियोजना प्राधिकारियों ने डाईवर्जन चैनल तथा सड़क की मरम्मत के कार्य को अतिरिक्त मद के रूप में मानते हुए इनके लिए ठेकेदार को अलग से ₹ 1.78 करोड़ का भुगतान किया यद्यपि यह कार्य हेतु अनुबंध में शामिल था। • राज्य सरकार ने अप्रैल 2013 से प्रभावी चालू अनुबंधों में निविदा छूट या प्रीमियम[3] लगाये बिना जून 2015 में वितरिकाओं नेटवर्क हेतु भुगतान योग्य दरों में ₹ 9,000 प्रति एकड़ से ₹ 10,500 प्रति एकड़ की वृद्धि की। विभाग ने पुरानी दरों पर 5.13 प्रतिशत की निविदा छूट के गलत तरीके से आवेदन के द्वारा 32,333 एकड़ के शेष अयाकट के निर्माण हेतु ₹ 3.21 करोड़ के लिए जून 2016 में पूरक अनुबंध में प्रविष्टि की तथा ₹ 1,500 प्रति एकड़ की बजाय, ₹ 1,962 प्रति एकड़[4] की अलग दर पर पहुँचा। इसका परिणाम ₹ 1.49 करोड़ की अतिरिक्त प्रतिबद्धता हुआ। विभाग ने बताया कि पूरक अनुबंध को, निविदा छूट के आवेदन के बिना अलग दर पर गणना करने के पश्चात संशोधित किया जाएगा।
असम	9.80	चम्पामति परियोजना	भारत सरकार का अनुमोदन प्राप्त किए बिना, अनुमोदित डी.पी.आर. के कार्य क्षेत्र के परे कार्य की मदों के समक्ष ₹ 9.80 करोड़ का व्यय किया गया।
	2.06	धनसिरी सिंचाई परियोजना	सी.डब्ल्यू.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार, अनुमानित लागत का संशोधन केवल कार्य के कार्यक्षेत्र में बदलाव के मामले में ही किया जा सकता है। खाउरांग नदी के चै. 45,250 फीट पर कृत्रिम जलसेतु बनाने के कार्य को, अप्रैल 2002 तक कार्य

3 'निविदा छूट' बोली की अनुमानित लागत से नीचे बोलीदाता द्वारा उद्घृत मुल्य का प्रतिशत है। 'निविदा' प्रीमियम' अनुमानित लागत से अधिक उद्घृत प्रतिशत है।

4 ₹ 10,500-(9,000-9,000 का 5.13 प्रतिशत)

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			पूरा करने की शर्त के साथ ठेकेदार को सौंपा गया (अप्रैल 2000)। ठेकेदार नियत अवधि में कार्य पूरा नहीं कर सका तथा विभाग ने बिना कोई जुर्माना लगाये जून 2009 तक, कई बार समय को बढ़ाया। इसके बजाय, प्रभाग ने निविदा कीमत को ₹ 4.30 करोड़ तक बढ़ाया (फरवरी 2009) जिसमें कीमत वृद्धि की वजह से ₹ 2.08 करोड़ शामिल थे। प्रभाग ने ₹ 5.10 करोड़ का भुगतान किया, जिसमें इस ₹ 2.06 करोड़ की राशि को शामिल किया गया। अनुबंध में कीमत वृद्धि के लिए किसी भी प्रावधान के बिना इसकी अनुमति देने तथा ऐसे मामले में, जहां देरी ठेकेदार के कारण थी, का परिणाम अनियमित व्यय में हुआ।
बिहार	1.45	दुर्गावती तथा पुनपुन बैराज परियोजनाएं	बिहार खनिज छूट नियम अनुबंधित करता है कि कार्य प्रभागों को फार्म एम.व.एन. तथा चालान, ठेकेदार से प्राप्त करना चाहिए तथा इसे जिला खनन अधिकारी से, मामूली खनिजों की कीमत व उनके वहन के लिए भुगतान करने से पहले सत्यापित कराना चाहिए। • दुर्गावती राइट मेन कैनाल प्रभाग तथा दुर्गावती लेफ्ट मेन कैनाल प्रभाग के अंतर्गत निष्पादित पांच अनुबंधों के अभिलेखों से उजागर हुआ कि संबंधित विभाग ने, एम.व.एन. फॉर्म के सत्यापन के बिना, 2,037.39 क्यूमी. रेत, 2,378.24 क्यूमी. पत्थर चिप, 2,643.90 क्यूमी. धातु तथा 34.20 क्यूमी. के बाउल्डर्स के उपभोग हेतु ठेकेदार को ₹ 91.88 लाख का अनियमित भुगतान किया। • इसी प्रकार, पुनपुन बैराज भुगतान के मामले में जिला खनन अधिकारी से चालान तथा एम.व.एन फार्म के सत्यापन के बिना 10,092.82 क्यूमी. के पत्थर धातु के लिए ₹ 53 लाख का भुगतान अनियमित था।
छत्तीसगढ़	0.36	केलो	केलो परियोजना की धनगाँव वितरिका की मुख्य रेगुलेटर संरचनाओं के निर्माण के कार्य को ₹ 95.18 लाख के लिए ठेकेदार को सौंपा गया। ठेकेदार ने कार्य का निष्पादन नहीं किया तथा ई.ई. ने, जोखिम तथा कीमत धारा के अंतर्गत अनुबंध को समाप्त कर दिया। हालांकि, ठेकेदार के प्रस्तुतीकरण के आधार पर तत्पश्चात, ठेकेदार की ओर से ₹ 35.57 लाख की अतिरिक्त लागत की वसूली को प्रतिबंधित

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			कर, ठेकेदार के पक्ष में फैसला लिया गया। निर्णय एल.ए. मामलों में देरी के आधार पर था। हालांकि, ई.ई. द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, 11 स्थलों में से सात पर एल.ए. मामलों को, ठेकेदार को कार्य आदेश जारी करने से पूर्व अंतिम रूप दिया गया। इस प्रकार, ठेकेदार से भुगतान की वसूली को प्रतिबंधित करना अनियमित था।
झारखण्ड	42.20	सुबर्नरेखा	झारखण्ड माइनर मिनरल कन्सेशन (जे.एम.एम.सी.) नियमों, 2004 के नियम 55 के अनुसार, मामूली खनिजों की खरीद केवल पट्टेदार/परमिट धारकों तथा प्राधिकृत वितरकों से की जा सकती है, जिसके लिए फार्म 'ओ' में शपथ पत्र के साथ परिवहन चालान का प्रस्तुतीकरण तथा फार्म 'पी' में विवरण (स्त्रोत जहां से सामग्री खरीदी गई, मात्रा तथा सामग्री की कीमत) अपेक्षित है। ठेकेदार को भुगतान करने से पहले फार्म ओ. व पी. में दिए गए विवरण की यथार्थता की जाँच संबंधित जिला खनन अधिकारी द्वारा की जानी थी। आगे, शेडयूल ऑफ रेट्स (एस.ओ.आर.) में दी गयी अनुदेशों के अनुसार निर्माण कार्यों में केवल 'टाटा टिसकॉन' तथा स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एस.ए.आई.एल.), बोकारो का स्टील उपयोग किया जाना था। लेखापरीक्षा ने अवलोकन किया कि 70 जांच-परीक्षा किए गए अनुबंधों में से 49 में, निर्माण सामग्री के ढुलाई के लिए ₹ 42.20 करोड़ का भुगतान ठेकेदार को विभागीय अधिकारी द्वारा ठेकेदार से अपेक्षित फार्म ओ व पी प्राप्त किए बिना किया गया। अपेक्षित फार्म/चालान के अभाव में, खनन विभाग के साथ सत्यापन नहीं किया जा सका। इसके अतिरिक्त, स्टील की खरीद के समर्थन में बिक्री चालान भी ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए। इस तरह, वाहन के भुगतान, निश्चित स्थानों जहां से सामग्री खरीदी गई थी, की जांच किए बिना किए गए। इस प्रकार, ₹ 42.20 करोड़ का भुगतान अनियमित था।
कर्नाटक	1.40	एन.एल.बी.सी.	नहर के 0.00 से 50.87 कि.मी. के कार्य में, सामग्री, श्रम तथा सभी बढ़त तथा उठाव (मद सं. 13) के साथ बिछाव, जोड़ इत्यादि की कीमत को शामिल करते हुए नहर के तल व बगल हेतु एल.डी.पी.ई. शीट प्रतिष्ठापन व प्रदान करने के लिए अनुमानित लागत हेतु एक प्रावधान बनाया गया।

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			प्रभाग, डब्ल्यू.आर.डी.एस.आर 2012-13 के अनुसार 750 माइक्रान की मोटाई वाली एल.डी.पी.ई. शीट प्रतिष्ठापन व प्रदान करने हेतु ₹ 223.60 प्रति वर्गमीटर पर विचार कर चुका था। तत्पश्चात, डब्ल्यू.आर.डी.एस.आर. 2013-14 के आधार पर अनुमानित लागत का संशोधन किया गया तथा 1,000 माइक्रान मोटाई वाली एल.डी.पी.ई. शीट पर विचार करते हुए ₹ 299 प्रति वर्गमीटर की दर निकाली गई। मोटाई की विशिष्टता को गलत रूप से अपनाने (750 माइक्रान एल.डी.पी.ई. शीट की बजाय 1,000 माइक्रान) की वजह से, ₹ 1.40 करोड़ का अतिरिक्त व्यय हुआ।
महाराष्ट्र	67.40	लोअर वर्धा	मुख्य नहर, गिरोली व देओली शाखा नहर पर सीमेंट कंक्रीट लाइनिंग के निर्माण का कार्य मेसर्स श्रीनिवास कन्स्ट्रक्शन को सौंपा गया। कार्य के निष्पादन के दौरान, ठेकेदार ने ₹ 468.55 प्रति क्यूमी. की दर पर कोहेसिव नॉन-स्वैलिंग (सी.एन.एस.) सामग्री के 17 लाख क्यूमी. का उपयोग किया जिसमे ₹ 365.20 प्रति क्यूमी. की दर पर 30 किमी से सामग्री परिवहन की दर शामिल थी। परियोजना प्राधिकारी, स्त्रोत जहां से सामग्री ली गई थी, का कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल थे। वर्धा जिला के जिला खनन कार्यालय ने पुष्टि की कि ठेकेदार को सामग्री निकालने हेतु कोई अनुमति नहीं दी गई थी। इस प्रकार, स्त्रोत की वास्तविक स्थिति को सुनिश्चित किए बिना 30 किमी की बढ़त के साथ अनुमान को बढ़ाने का परिणाम ठेकेदार को ₹ 67.40 करोड़ का अनियमित भुगतान हुआ।
	0.55	तराली	रूपांकन, आरेखण का कार्य तथा सी.डी.ओ. की ओर से इसकी जांच जो विभाग की जिम्मेदारी थी, निविदा में शामिल थी। चूँकि यह ठेकेदार के लिए अतिरिक्त कार्य होगा, ठेकेदार उसकी बोली में ऐसे कार्य की लागत जोड़ेगा। इस तरह से कार्य व्यय पर प्रशासनिक व प्रतिस्थापन व्यय का भार हुआ। आगे, कोपर्डे अप्रोच कैनाल, खातब एल.बी.सी., बामबावडे तथा तराली एल.आई.एस.व पाल तथा इन्दोली एल.आई.एस. में ठेकेदार ने बिना किसी अनुमोदित रूपांकन के कार्य शुरू किया। यहां डिजाइन तैयार करने तथा इनको सी.डी.ओ. नासिक से अनुमोदित कराने में लिए गए समय की वजह से

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			न केवल कार्य में देरी हुई, बल्कि इसका परिणाम, सी.डी.ओ. द्वारा संशोधित रूपांकन के अनुमोदन के पश्चात कार्य के रूपांकन में बदलाव की वजह से ई.आई.आर.एल तथा अतिरिक्त परिमाणों में हुआ।
	8.79	हेतवाने	महाराष्ट्र सरकार ने, खाड़ी युद्ध की वजह से निर्माण सामग्री की कीमत में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की वजह से अक्टूबर 1990 को चालू सभी कार्यों हेतु कीमत बढ़ोतरी में विशेष राहत को स्वीकृति देते हुए जनवरी 1992 में सरकारी संकल्प जारी किया। सरकारी संकल्प ने विशेष राहत की गणना हेतु सूत्र भी निर्धारित किया। सरकारी संकल्प (जी.आर.) (1992) के अंतर्गत दिशानिर्देश का पैरा 2 (vii) अनुबंधित करता है कि विशेष राहत की अनुमति अनुबंध के अंतर्गत सभी कार्य पूरे होने तक थी। कार्य का आबंटन 1985 में किया गया, इस प्रकार यह विशेष राहत हेतु योग्य था तथा ठेकेदार की कीमत वृद्धि के अतिरिक्त अक्टूबर 1990 से जून 2008 की अवधि हेतु ₹ 8.95 करोड़ का भुगतान विशेष राहत के रूप में किया गया (₹ 15.68 लाख अक्टूबर 1990 तथा सितम्बर 1994 के बीच तथा अक्टूबर 1994 व जून 2008 के बीच ₹ 8.79 करोड़)। खाड़ी युद्ध की वजह से सामग्री की कीमत में अभूतपूर्व वृद्धि का प्रभाव 1994 तक खत्म हो चुका था, हालांकि कथित जी.आर. के गैर-संशोधन की वजह से, ठेकेदार 2008 तक इसका लाभ उठा रहा था। ठेकेदार को ₹ 8.79 करोड़ का अदेय लाभ हुआ (अक्टूबर 1994 तथा जून 2008 के बीच)।
तेलंगाना	4.79	पालेमवागु परियोजना	अनुबंध की सामान्य शर्तों के खंड 46 के अनुसार, सीमेंट, स्टील तथा ईंधन की कीमतों पर वृद्धि की अनुमति है, यदि कीमतें, मौजूदा बाजार दरों के ऊपर पांच प्रतिशत से ज्यादा बढ़ती हैं। मूल दरों पर पांच प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि का क्षतिपूरण किया जाना था। हालांकि, विभाग ने प्रारंभिक पांच प्रतिशत वृद्धि को शामिल करते हुए सीमेंट, स्टील तथा ईंधन के लिए कीमत वृद्धि की अनुमति दी। कीमत वृद्धि के गलत भुगतान का परिणाम ₹ 4.79 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ।

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
ओडिशा	2.53	लोअर सुक्तल परियोजना	दिसम्बर 2003 में, राज्य सरकार ने परियोजना के जलप्लावन क्षेत्र गांव चूड़ापाली में 476.90 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण हेतु अधिसूचना जारी की तथा ₹ 12.88 करोड़ की राशि स्वीकार की। तत्पश्चात, जनवरी 2010 में विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी (एस.एल.ए.ओ.) ने प्राधिकृत रूप से भूमि के वर्गीकरण तथा ₹ 15.41 करोड़ की अनुमानित लागत का पुनरीक्षण किया। यह भूमि की लागत के ₹ 2.53 करोड़ के अनियमित अनुमति की ओर ले गया।
उत्तर प्रदेश	21.85	बाणसागर नहर परियोजना	सिंचाई विभाग में, अनुबंध तय मद दरों पर सौंपे जाते है तथा यहां कीमत समायोजन का कोई प्रावधान नहीं है। बाणसागर नहर परियोजना में, एक फर्म के साथ ₹ 402.52 करोड़ हेतु अनुबंध बांड हस्ताक्षरित किया गया तथा कीमत समायोजन हेतु दो जाँच-परीक्षित विभागों द्वारा ₹ 21.85 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। लेखापरीक्षा में अवलोकन किया गया कि ठेकेदार ने, कीमत सूचियों में बदलाव संबंधी किसी भी न्यायसंगतता को शामिल किए बिना कीमत समायोजन का दावा किया। विभागीय अधिकारी ने ठेकेदार के दावे को सत्यापित नहीं किया तथा राशि का भुगतान किया। इस प्रकार, ₹ 21.85 करोड़ का अनियमित व्यय किया गया।
	99.56	बाणसागर नहर परियोजना	परियोजना की अनुमानित लागत को विस्तृत सर्वेक्षण के बाद तैयार किया जाना चाहिए ताकि अनुमोदित विशिष्टताओं के अनुसार कार्य का निष्पादन किया जा सके तथा तकनीकी संस्वीकृति से विचलन व विभिन्नता को कम से कम किया जा सके। फर्म को सौंपी गई बाणसागर नहर परियोजना के परिमाणों के 14 जांच-परीक्षण किए गए बिलों में से नौ में ₹ 99.56 करोड़ की राशि के अतिरिक्त मद शामिल किए गए थे। इस प्रकार, ₹ 99.56 करोड़ की राशि के कार्य को बोली प्रक्रिया से बाहर रखे गए थे तथा बाद में फर्म द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्य के कार्यक्षेत्र में जोड़े गए। इस प्रकार, ये कार्य अनियमित दरों पर निष्पादित किए गए। यह अनियमित था तथा इससे ठेकेदार को अदेय लाभ दिए गए।
उप कुल	**266.01**		

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
एम.आई. योजनाएं			
मध्य प्रदेश	0.32	झारा माइनर	सी.सी. लाइनिंग के नीचे सी.एन.एस. सतह बिछाने तथा प्रदान करने हेतु कोई प्रावधान नहीं था जबकि यह, पाठाखई माइनर परियोजना में नहर में चयनित पहुंच में शामिल था। विभाग ने दोनों योजनाओं में सी.सी. लाइनिंग के नीचे सी.एन.एस. का निष्पादन, सी.एन.एस. की आवश्यकता जानने हेतु परीक्षण के बिना किया। इसका परिणाम ₹ 32.04 लाख की अनियमित लागत में हुआ।
मिजोरम	0.86	खावनुई, ज़िल्गंई छांगते, फुआनलुई मट, बुःछांगदिल, टुईकुआल, मिडुम फाई, लोअर टुईमुक, औमपुई फाई	₹ 86 लाख का व्यय, आवश्यकता से अतिरिक्त खोदक मशीन को भाड़े पर लेना, प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय मंजूरी के बिना डी.पी.आर. में निर्माण के दौरान मरम्मत और निष्पादन हेतु सामाग्री जो डी.पी.आर. में शामिल नहीं थे और किसी भी संरचनात्मक घटकों के निर्माण से पहले मार्च 2017 में जी.आई. पाइप लगाने और फिटिंग के लिए मजदूरी का भुगतान पर अनुमानित लागत से उपर और अधिक किया गया।
नागालैंड	4.07	पंगबा, ओयुंग, टिपफेको - पफिलिकालु, तथा बालीजन खेकिहो	चार एम.आई. योजनाओं के भौतिक सत्यापन के दौरान, यह नोटिस किया गया कि ₹ 4.07 करोड़ की राशि वाले कार्यों को डी.पी.आर. में अनुमोदित कार्य के कार्यक्षेत्र अनुसार निष्पादित नहीं किया गया था। कार्य के अनुमोदित कार्यक्षेत्र से विचलन का परिणाम ₹ 4.07 करोड़ का अनियमित भुगतान हुआ।
	0.32	डिफूपानी एम.आई परियोजना	एक स्टेंडअलोन एम.आई. परियोजना शुरू की गई (2014-15) जिनके लिए ₹ 31.50 लाख जारी किए गए क्योंकि विशेष विवरणों के अनुसार कार्य को पूरा किया जाना सूचित हुआ था। लेकिन संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान (जुलाई 2017) यह नोटिस किया गया कि कार्य को निष्पादित नहीं किया गया था। इस प्रकार, ठेकेदार को ₹ 31.50 लाख का अदेय भुगतान किया गया।
	0.15	पंगतीयांग एम.आई. परियोजना	पंगतीयांग एम.आई. परियोजना (2014-15) के अंतर्गत ₹ 17.13 लाख का भुगतान जारी किया गया क्योंकि संबंधित कार्य का पूरा होना सूचित किया गया था। लेकिन संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान (जुलाई 2017), यह नोटिस किया गया कि कार्य का निष्पादन नहीं किया गया था। इस प्रकार, ठेकेदार को ₹ 17.13 लाख का अदेय भुगतान किया गया।

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
ओडिशा	0.83	तिलजोडी	₹ 83 लाख का व्यय बिना प्रशासनिक अनुमोदन के किया गया।
	1.45	दाबलोजोर योजना	₹ 1.45 करोड़ का व्यय बिना प्रशासनिक अनुमोदन के किया गया।
उप कुल	**8.00**		
कुल	**274.01**		

अनुबंध 4.14

(पैरा संख्या 4.9.5.2 का संदर्भ लें)

अपव्ययी तथा निष्फल/बेकार व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
एम.एम.आई. परियोनाएं			
असम	17.79	धनसिरी सिंचाई परियोजना	परियोजना के मुख्य नहर के 80 मीटर की जरीब दूरी पर गाद निष्कासक के निर्माण का कार्य ठेकेदार को (नवम्बर 2003) सौंपा गया। ₹ 17.79 करोड़ खर्च करने के बावजूद भी, जुलाई 2017 तक कार्य पूरा नहीं किया गया था क्योंकि पावर स्टेशन का निर्माण ए.पी.डी.सी.एल. के रूझान हटने की वजह से छोड़ दिया गया था। इसी बीच, भौतिक सत्यापन के दौरान, मुख्य नहर में भारी मात्रा में गाद को संज्ञान में लाया गया। विभाग ने कहा (जुलाई 2017) कि ए.पी.पी.सी.एल., अन्य पावर क्षेत्र कम्पनी के साथ कार्य को पूर्ण करने का नया प्रस्ताव प्रक्रिया में था। तथ्य रहा कि परियोजना पर पहले ही खर्च किया गया ₹ 17.79 करोड़ निष्फल रहा।
	0.10	धनसिरी सिंचाई परियोजना	बी3एम शाखा नहर में, 15,606 मी. तथा 17,374 मी. की जरीब दूरी के बीच ₹ 9.91 लाख की लागत के मरम्मत कार्यों को निष्पादित दर्शाया गया, जो या तो परित्यक्त (जरीब दूरी 15,606 मी. से 16,760 मी.) अन्यथा बेकार (जरीब दूरी 16,760 मी. से 17,374 मी.) था।
	2.25	धनसिरी सिंचाई परियोजना	बी3एम शाखा नहर में 15,606 मी. से 16,760 मी. की क्षतिग्रस्त जरीब दूरी को ध्यान में रखते हुए, नहर के माध्यम से पानी की पूर्ति के लिए नहर की 16,760 मी. जरीब दूरी पर 'गेटेड स्पिलवे' के निर्माण का कार्य, ₹ 1.91 करोड़ की निविदा लागत पर ठेकेदार को (फरवरी 2014) आबंटित किया गया। तत्पश्चात, कार्य के क्षेत्र में बढ़ोतरी की वजह से क्षतिपूर्ति निविदा के माध्यम से ₹ 5.70 करोड़ तक इसे संशोधित किया गया (जनवरी 2015)। ₹ 2.25 करोड़ की कीमत वाले कार्य के निष्पादन के बाद, ठेकेदार ने अप्रैल 2015 से

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			कार्य बंद कर दिया जिसके कारण अभिलेख में नहीं है। जुलाई 2017 तक कार्य अपूर्ण था। ठेकेदार को ₹ 1.93 करोड़ का भुगतान ₹ 32 लाख की शेष देयता के साथ किया गया, जो निष्फल रहा क्योंकि न तो ठेकेदार ने कार्य पुनः शुरू किया न ही विभाग ने शेष कार्य को पूरा करने की पहल की।
	1.75	धनसिरी सिंचाई परियोजना	सोनाई नदिका के पार शाखा नहर सं. डी2बी1एम के 17,932 मी. जरीब दूरी पर अन्य मिश्रित कार्यों के साथ 'गेटेड स्पिलवे' के निर्माण का कार्य ठेकेदार को ₹ 2.80 करोड़ के लिए अगस्त 2010 के अंदर पूरा करने हेतु सौंपा गया (मार्च 2010)। ठेकेदार ने ₹ 2.33 करोड़ की कीमत का कार्य निष्पादित किया परंतु कार्य को पूरा करने में असफल रहा तथा इसे नवम्बर 2013 से बंद कर दिया, जिसके कारण अभिलेख में नहीं है। कार्य को दिसंबर 2015 में समाप्त कर दिया गया तथा ठेकेदार को ₹ 1.75 करोड़ का भुगतान किया गया। शेष कार्य तथा ₹ 57 लाख के अतिरिक्त कार्य के निष्पादन के लिए एक नया कार्य आदेश अन्य ठेकेदार को ₹ 1.04 करोड़ की निविदा लागत पर मई 2016 के अंदर पूरा करने हेतु जारी किया गया (मार्च 2016)। यह ठेकेदार भी कार्य पूरा करने में (जुलाई 2017) असफल रहा। इस प्रकार, वास्तविक कार्य आदेश जारी करने की तिथि से सात से भी ज्यादा वर्षों तक कार्य की गैर-पूर्णता का परिणाम ₹ 1.75 करोड़ का निष्फल व्यय हुआ।
	0.16	जमुना सिंचाई परियोजना	₹ 16.45 लाख की कुल लागत के साथ जमुना सिंचाई परियोजना के आधुनिकीकरण के अंतर्गत मुख्य नियामको के बहाव बिंदु पर द्वार ऑपरेटरो हेतु पांच झोपड़ो का निर्माण किया गया। कासीमरी तथा बोकोलिया (डी1 तथा डी3 नहर) पर दो झोपड़ों के भौतिक सत्यापन से उजागर हुआ कि झोपड़े वीरान तथा क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़े थे। ₹ 16.45 लाख का व्यय निष्फल रहा।
बिहार	12.23	कोसी बैराज परियोजना	परियोजना का एक मुख्य घटक कोसी बैराज के अनुप्रवाह तथा प्रतिप्रवाह में पायलट चैनल का निर्माण

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			था। पायलट चैनल के निर्माण का कार्य ₹ 13.98 करोड़ में जून 2009 तक पूरा किए जाने के लिए मार्च 2009 में सौंपा गया। तत्पश्चात, ₹ 12.23 करोड़ खर्च करने के बाद कार्य बंद कर दिया गया क्योंकि इसे उपयोगी नहीं पाया गया। ₹12.23 करोड़ का व्यय अपव्ययी रहा क्योंकि बाढ़ के दौरान चैनल गाद से भर गया था। इसके स्थान पर, बैराज के अनुप्रवाह में, 2010-11 के दौरान इसी बढ़ाव पर, ₹ 7.38 करोड़ की लागत पर अन्य चैनल का निर्माण करना पड़ा, जो परिहार्य था।
	1.02	दुर्गावती परियोजना	दुर्गावती बायीं मुख्य नहर परियोजना के अंतर्गत बेलोन वितरिका में निर्माण कार्य हेतु दो समझौते अक्टूबर 2014 में ₹ 4.57 करोड़ की लागत पर छः महीने के अंदर पूर्ण किए जाने हेतु निष्पादित किए गए। जनवरी 2016 तक कार्य अपूर्ण रहा जिसकी वजह से नहर के संरेखण में बदलाव की वजह से आगे अन्य किसी कार्य को बंद करने का निर्णय लिया गया तथा कार्य को छोड़ दिया गया था। परिणामस्वरूप, ₹ 1.02 करोड़ का व्यय निष्फल था।
गोवा	10.25	तिल्लारी परियोजना	दायां किनारा मुख्य नहर की बी6 वितरिका के तीन कार्यों पर ₹ 10.25 करोड़ की सीमा तक कार्य के निष्पादन के बाद, कार्य को बंद कर दिया गया तथा लिफ्ट सिंचाई योजना का विकल्प अपनाने का प्रस्ताव दिया गया। क्षेत्र, जहां लिफ्ट सिंचाई योजना प्रस्तावित की गई, में कार्यों पर किया गया ₹ 10.25 करोड़ का व्यय व्यर्थ हो सकता है।
गुजरात	40.09	सरदार सरोवर परियोजना	यद्यपि, नर्मदा मुख्य नहर तथा शाखा नहरें (कच्छ शाखा नहर को छोड़कर) पूरी हो गई थीं, नहर स्वचालित प्रणाली को ₹ 40.09 करोड़ खर्च किए जाने के बावजूद भी कार्यान्वित नहीं किया गया। इस राशि में, 1993 से 2014 के बीच ₹ 29.77 करोड़ की राशि से निर्मित 428 नियंत्रण केबिन (सी.सी.एस.) की लागत शामिल है। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि नहर स्वचालितकरण हेतु योजना को अंतिम रूप देना बाकी था तथा अनुमानित लागत अभी तक तैयार नहीं थी।

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			इस प्रकार, सी.सी.एस. के निर्माण में ₹ 29.77 करोड़ का व्यय, वह भी जब तब नहर स्वचालितकरण प्रणाली हेतु योजना तैयार नहीं थी, के परिणाम स्वरूप बेकार निवेश हुआ। कम्प्यूटर सहायक सुदूर निगरानी तथा नियंत्रण प्रणाली (आर.एम.सी.एस.) प्रतिष्ठापन करने हेतु सलाहकार सेवाओं का लाभ उठाने पर ₹ 9.92 करोड़ का व्यय किया गया जो परियोजना के कार्यान्वयन के स्थगन की वजह से निष्फल रहा। एस.एस.एन.एन.एल. को स्वचालितकरण पायलट परियोजना हेतु बोली दस्तावेजों तथा विस्तृत रूपांकन के पुनरीक्षण हेतु सलाहकार कार्य (जुलाई 2012) ₹ 18 लाख के लिए सौंपा जिसके लिए कम्पनी ने ₹ 40 लाख का भुगतान किया।
	1.14	सरदार सरोवर परियोजना	वल्लभीपुर शाखा नहर (वी.बी.सी.) के 63.072 किमी जरीब दूरी पर नहर अतिप्रवाह के लिए निकास पहले से ही मौजूद था तथा रेलवे लाइव व पीने योग्य जल आउटलेट हेतु सेफ्टी वाल्व के तौर पर माना गया। भूमि के गैर-अधिग्रहण की वजह से जल निर्वहन हेतु टेल चैनल (जल निकास मार्ग) की अनुपस्थिति में शुरूआत से ही यह निकास गैर संचालन में रहा तथा यू.जी.पी.एल. को संभाव्य नहीं पाया गया। आगे, यहां टेल चैनल के आस-पास जी.डब्ल्यू.आई.एल. पीने के पानी की पाइपलाईन थी तथा निकास को , नदी (भादर) के प्राकृतिक बहाव (विपरीत दिशा) के विरूद्ध तैयार किया गया तथा पानी को निकास से मोड़ा नहीं जा सका। वी.बी.सी. पर 64.875 कि.मी. जरीब दूरी पर अतिरिक्त निकास हेतु ₹ 1.54 करोड़ की अनुमानित लागत को अनुमोदित किया गया तथा कार्य के लिए निम्नतम उद्धृत कीमत ₹ 1.14 करोड़ थी। इस प्रकार, 63.072 जरीब दूरी पर वास्तविक निकास निर्माण होने से ही बेकार पड़ा रहा। संरचना के निर्माण के समय दोषपूर्ण सर्वेक्षण तथा योजना की वजह से, टेल चैनल के लिए पर्याप्त भूमि

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			का अधिग्रहण किए बिना तथा टेल चैनल को पूरा किए बिना अनुपयुक्त स्थान पर निकास का निर्माण किया गया। परिणाम व्यर्थ परिसम्पति के निर्माण में तथा नए निकास पर ₹ 1.14 करोड़ की अतिरिक्त लागत के रूप में हुआ।
झारखण्ड	12.95	गुमनी बैराज योजना	₹ 13.27 करोड़ के पांच अनुबंधों को, सिंचाई विभागों, बारहेट तथा पाकूर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 0 से 234 तथा 629 से 1,083 जरीब दूरी के बीच गुमनी मुख्य नहर की मुख्य मरम्मतों तथा सेवा सड़को के निर्माण तथा किनारों को मजबूत बनाने हेतु 2015-17 के दौरान निष्पादित किया गया एवं ठेकेदारो को ₹ 12.95 करोड़ का भुगतान किया गया। सिंचाई विभाग, बरहरवा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य नहर की मरम्मत के किसी भी कार्य को निष्पादित नहीं किया गया क्योंकि वाहोत्थान बांध के गैर निर्माण की वजह से गुमनी बैराज का कार्य अपूर्ण था। अतः वाहोत्थान बांध के निर्माण हेतु भूमि के गैर अधिग्रहण की वजह से निकट भविष्य में गुमनी बैराज से मुख्य नहर में पानी छोड़ने की संभावना दूरस्थ है। इस प्रकार, नहरों/तटबंधों की मरम्मत पर ₹ 12.95 करोड़ का व्यय निष्फल रहा।
मध्य प्रदेश	0.62	सागड़ मध्यम परियोजना	मिट्टी के बांधों, स्पिलवे, डेक ब्रिज तथा जल द्वार का कार्य अनुप्रवाह में निष्पादित किया गया, यद्यपि यह अपेक्षित नहीं था, परिणाम स्वरूप ₹ 62.34 लाख का व्यर्थ व्यय हुआ।
	0.15	सिंध	धातु हेतु आर.बी.सी. विभाग, नरवार के अनुबंध में, 4 कि.मी. के एक लीड को शामिल किया गया तथा कंक्रीट व अन्य वस्तुओं के साथ ₹ 15.30 लाख का भुगतान किया गया यद्यपि धातु हेतु लेड न तो अपेक्षित न ही भुगतान के योग्य था।
महाराष्ट्र	2.31	निचली पेढ़ी	स्थल पर लाए गए 1,210 एम.टी. टी.एम.टी. स्टील के लिए ठेकेदार को ₹ 3.19 करोड़ की राशि का भुगतान फरवरी 2010 में किया गया, हालांकि ठेकेदार सामग्री का उपभोज्य सात से अधिक वर्षों तक भी नहीं कर

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			सका तथा अग्रिम बकाया था। तथ्य के बावजूद कि भूमि अधिकार में नहीं थी तथा कार्य को निष्पादित नहीं किया जा सकता था, ई.ई. ने ठेकेदार को सुरक्षित अग्रिम राशि मंजूर की। फरवरी 2017 में, ई.ई. ने चिन्हित किया कि स्थल पर सामग्री में 136 एम.टी. कमी थी तथा ₹ 51.68 लाख की वसूली की। मार्च 2017 तक अर्थात सात वर्षों के बाद, ठेकेदार केवल 198.77 एम.टी. स्टील का प्रयोग कर सका तथा शेष मात्रा 875.234 एम.टी. जिसकी कीमत ₹ 2.31 करोड़ थी ठेकेदार के समक्ष अभी तक लम्बित थी (जुलाई 2017)। कार्यकारी अभियंता, अमरावती परियोजना निर्माण प्रभाग सं. 1 अमरावती ने कहा कि कार्य आदेश देने के बाद, यह अपेक्षित था कि ठेकेदार कार्य शुरू करेगा। हालांकि, भूमि की अनुपलब्धता की वजह से सात वर्षों के दौरान संरचनाओं में 1,200 एम.टी. में से केवल 198.77 एम.टी. स्टील का ही उपयोग किया जा सका।
ओडिशा	14.82	लोअर इंदिरा, कानूपुर तथा रूकुरा सिंचाई परियोजना	पी.डब्ल्यू.डी. राज्य को दर सूची (एस.ओ.आर.) ने ₹ 2,190.00 से ₹ 2,519 प्रति घंटा पर भूमि के 300 क्यू.मी. फैलाव के लिए बुल्डोजर किराए पर लेने का शुल्क तय किया। हालांकि, मिट्टी के बांधों तथा नहर के तटबंधों के संघनन हेतु अनुमानित लागत तैयार करते समय, विभाग ने 300 क्यू.मी. की बजाय 100 क्यू.मी. के फैलाव हेतु ₹ 2,177.43 से ₹ 2,519 प्रति घंटा की रेंज के किराया शुल्क अपनाए। तीन परियोजनाओं में 13 कार्यों की अनुमानित लागतों की संवीक्षा करने पर यह पाया गया कि अनुमानित लागतें ₹ 14.82 करोड़ बढाई गईं जिसमें से ₹ 12.12 करोड़ ठेकेदारो को दिए जा चुके थे।
	4.30	रूकुरा तथा लोउर इंदिरा सिंचाई परियोजना	75 एम.एम. मोटी सी.सी. एम.15 लाइनिंग की जरूरत के सापेक्ष 100 एम.एम. मोटी सी.सी. एम.15 लाइनिंग को 37,456.98 क्यूमी. के अनुमानित लागत में शामिल किया गया, जो दो परियोजनाओं के छः कंक्रीट लाइनिंग कार्यों में सी.सी. एम.-15 के 9,364.25 क्यू.मी. के अतिरिक्त प्रावधान की ओर ले गया जिसका

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			परिणाम ₹ 4.30 करोड़ का अतिरिक्त परिहार्य व्यय हुआ।
तेलंगाना	7.96	इंदिराम्मा बाढ़ बहाव नहर परियोजना	• सितम्बर 2008 में विभाग ने आर. एंड आर. गतिविधियों को सुनिश्चित किए बिना ₹ 131.68 करोड की लागत पर थोटापल्ली बैलेंसिंग रिजरवॉयर' (टी.बी.आर.) का कार्य सौंपा। सरकार ने जनवरी 2016 में आर. एंड आर. लागत में वृद्धि की वजह से परियोजना से टी.बी.आर. को हटाने के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप, टी.बी.आर. पर किया गया ₹ 1.24 करोड़ का व्यय व्यर्थ रहा। आगे परियोजना में एक बांध का निर्माण अपेक्षित उंचाई तक ग्रामीणों की आपत्तियों की वजह से नहीं किया जा सका क्योंकि आर. एंड आर. गतिविधियां पूर्ण नहीं की गई थी। परिणामस्वरूप, मिट्टी बांध का बायाँ हिस्सा मन्नार नदी के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश (सितम्बर 2016) के दौरान टूट गया। अपेक्षित ऊचाई तक बांध के निर्माण में असफलता से टूटे हुए बांध पर ₹ 5.50 करोड़ का व्यय व्यर्थ रहा। • परियोजना के अंतर्गत मोथ रिजरवॉयर का कार्य, ग्रामीणों द्वारा उत्पन्न बाधाओं की वजह से शुरू नहीं किया जा सका क्योंकी आर. एंड आर. मुद्दों का निपटान नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप, अप्रैल 2011 तक सर्वेक्षण व जांच पर खर्च की गई ₹ 1.22 करोड़ की राशि मार्च 2017 तक निष्फल थी।
	46.64	राजीव भीमा लिफ्ट इरिगेशन योजना	अनुबंध (मार्च 2005), के अनुसार तेलंगाना में राजीव भीमा लिफ्ट इरिगेशन योजना (आर.बी.एल.आई.एस.) के अंतर्गत मौजूदा शंकरा समुंद्रम टैंक का शंकरा समुंदरम बैलेंसिंग रिजरवॉयर (एस.एस.बी.आर.) में बदलाव दो वर्ष में पूरा किया जाना था। हालांकि, कन्हैयापल्ली गांव में जलप्लावन के अंतर्गत आने वाले गांवों के गैर निष्क्रमण की वजह से कार्य अपूर्ण रहा (मार्च 2017 को)। कार्य में दस वर्ष की देरी हुई है

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			तथा एस.एस.बी.आर. के निर्माण पर ₹ 46.64 करोड़ का व्यय बेकार रहा।
उप कुल	176.33		
एम.आई. योजनाएं			
आंध्र प्रदेश	25.88	भावानासी टैंक	विभाग ने कार्यों के निर्विहन निष्पादन के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के बिना ही प्रकाशम जिले के अड्डानकी मंडल में भावनासी टैंक का मिनी-रिजरवोयर में बदलाव का कार्य सौंपा। दिसम्बर 2016 को, विभाग ने केवल 190.29 एकड़ (40.85 प्रतिशत) अधिग्रहित की। परिणामस्वरूप, कार्य पूर्ण नहीं हुआ, जिसके परिणाम से छः वर्षों का समय लंघन, लक्षित अयाकट का गैर-सृजन तथा परियोजना पर पहले ही खर्च किए जा चुके ₹ 25.88 करोड़ का निष्फल व्यय हुआ।
बिहार	6.57	हड़सा बरहउना अहर पायने तथा भालुकी अहर पायने	ये दो योजनाएं 2011-12 में ₹ 10.48 करोड़ की समग्र अनुमानित लागत पर अनुमोदित की गई। यद्यपि कार्यों को पूरा नहीं किया गया, योजनाओं पर ₹ 5 करोड़ खर्च करने के बाद बंद घोषित कर दिया गया।
		जमुआ व करूआ, रंगाहीर राजाला कराही तथा काकाराका बंध सागी	चार योजनाएं जिसमें 1,040 हेक्टेयर के आई.पी. को बनाना था को 2013-14 के दौरान शुरू किया गया। चार विभिन्न अनुबंधों को विभिन्न एजेंसियों के साथ ₹ 3.21 करोड़ की संयुक्त लागत पर निष्पादित किया गया। योजनाओं को नौ महीनों में पूरा किया जाना नियत था। हालांकि, ठेकेदारों ने कार्यों को पूरा किए बिना इसे परित्यक्त कर दिया तथा वे ₹ 1.57 करोड़ खर्च करने के बावजूद भी अपूर्ण रहे।
छत्तीसगढ़	13.21	भानुपुरी डाइवरजन, महादेव दांड टैंक, मैनालारंगा डाइवरजन, चेरामा टैंक, आंनदपुर टैंक पोन्डुम टैंक, बोहारदिह टैंक, चिखालकासा टैंक, भारीतोला एनीकट, बोरगांव एनीकट, दाबड़ी	₹ 56.11 करोड़ की संस्वीकृत लागत के साथ 7,540 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र की सिंचाई के लिए 23 एम.आई. योजनाओं को, विभाग द्वारा ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत समावेश के बाद तथा ₹ 13.21 करोड़ का व्यय करने के बाद, स्थानीय लोगों के विरोध, मंजूरी की गैर-प्राप्ति, इत्यादि की वजह से अलाभकारी मानते हुए बंद कर दिए गए। इस प्रकार इन परियोजनाओं पर ₹ 13.21 करोड़ का खर्च निष्फल रहा।

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
		पाड़ा स्टॉपडैम, फूलनदी एनीकट मकड़ी डाइवरजन, पानीडोबीर एनीकट, तेलगारा डाइवरजन, गेरूआनाल्ला डाइवरजन, घारहारी डाइवरजन, भेलवाटोली टैंक, केकराझारिया टैंक, जैतपुरी डाइवरजन, झिराना टैंक, गत्तम डाइवरजन तथा गमहारिया टैंक	
जम्मू व कश्मीर	1.20	लिफ्ट सिंचाई स्कीम डुलांजा	1,800 मीटर की लम्बाई की नहर वाली योजना को ₹ 1.80 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 2010-11 में शुरू किया गया। योजना, पंप हाउस के स्थल में बदलाव तथा अन्य सहबद्ध कार्यों नामतः मुख्य उत्थान, डिलीवरी टैंक इत्यादि की वजह से अपूर्ण रही। कार्य के तकनीकी भाग के लिए सामग्री पहले ही खरीदी जा चुकी थी जिसे भी प्रतिष्ठापित नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, योजना पर किया गया ₹ 1.20 करोड़ का व्यय निष्फल रहा (मार्च 2017 को)।
मध्य प्रदेश	1.62	बरखेड़ी वेयर एम.आई. योजना	यह अवलोकन किया गया कि दिक्परिवर्ती बांध का दायां भाग, की (key), बॉडी (body) तथा टो (toe) दीवार के सी.सी. कार्य के भाग के साथ बह गया, जिसकी ₹ 12.88 लाख के अतिरिक्त व्यय के बाद भी मरम्मत नहीं की जा सकी। योजना को मरम्मत का कार्य पूरा किए बिना ही पूर्ण घोषित कर दिया गया। दिक्परिवर्ती बांध, पानी का भंडारण करने में असक्षम रहा तथा इसीलिए सी.सी.ए. के सृजन में भी। परिणामस्वरूप, परियोजना पर किया गया ₹ 1.62 करोड़ का व्यय निष्फल रहा।
महाराष्ट्र	2.99	जाधववाडी एम.आई. टैंक	योजना, मुख्य कार्य, सिंचाई सह पावर आउटलेट (आई.सी.पी.ओ.), अन-गेटिड स्पिलवे, इत्यादि शामिल करती हैं, परंतु कोई भी नहर या वितरण नेटवर्क नहीं

राज्य	राशि	परियोजना	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			है। गैर-कार्यात्मक आई.सी.पी.ओ. के निर्माण मे किया गया ₹ 2.99 करोड़ का व्यय व्यर्थ रहा।
ओडिशा	5.25	डबलाजोर तथा तेमूरापल्ली	डबलाजोर तथा तेमूरापल्ली योजनाओं को ₹ 3.78 करोड़ की लागत पर 2007-09 के दौरान संस्वीकृत किया गया। दोनों परियोजनाओं के मुख्य कार्य ₹ 5.25 करोड़ की लागत पर पूर्ण किए गए। सिंचाई उद्देश्य हेतु पानी लाने के लिए वितरण प्रणाली को भूमि के गैर-अधिग्रहण की वजह से पूर्ण नहीं किया जा सका। यह न केवल ₹ 5.25 करोड़ की राशि को अवरूद्ध करने वरन् छः से सात से भी अधिक वर्षों हेतु बेकार वस्तुसूची के रूप में रहा। इसने सिंचाई के लाभों से वंचित किया।
उपकुल	**56.72**		
कुल	**233.25**		

अनुबंध 4.15
(पैरा संख्या 4.9.5.3 का संदर्भ लें)
अतिरिक्त एवं परिहार्य व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
एम.एम.आई. परियोजनाएं			
असम	धनसिरी सिंचाई परियोजना	10.34	ठेकेदार के अनुरोध के आधार पर विभाग ने इन वस्तुओं के नामकरण को बदलकर अर्थवर्क, आर.सी.सी. और सी.सी. कार्यों की दरों में संशोधन किया जो इस प्रकार है: • उत्खनन में अर्थवर्क की दरों का विश्लेषण शुरूआत में लीड और उठान पर ध्यान दिए बगैर किया गया था जबकि नामकरण में परिवर्तन आकलन में लीड और उठान को क्रमशः 30 मीटर और 7 मीटर तक सीमित करते हुए किया गया था। • अतिरिक्त लिफ्ट के आधार पर आर.सी.सी. और सी.सी. कार्यों की दरों में भी संशोधन किया गया था, हालांकि आर.सी.सी./सी.सी. की मद दर लिफ्ट पर ध्यान दिए बगैर मात्रा (लंबाई, चौड़ाई और गहराई सहित मात्रा) प्रति घन मीटर के आधार पर निकाली गई थी। इसके अलावा, कार्य की गहराई के आधार पर कार्यों के उक्त मदों की दरों के विश्लेषण के लिए पी.डब्ल्यू.डी. सूचियों/मानदंडों में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। संशोधित दरों पर किए गए भुगतान के परिणामस्वरूप अतिरिक्त व्यय हुआ। डिवीजन ने इस अवलोकन को स्वीकार किया।
		1.45	ठेकेदार द्वारा दर्शाई गई विसंगतियों के आधार पर, डिवीजन ने "संरचनाओं के किनारों को मिट्टी/बालू, कंकड़ और छोटे आकार के गोल पत्थरों सहित मिश्रित मिट्टी के साथ इसे पूरा करने के बाद पुनर्भरण" के एक नए मद को मिलाकर एक संशोधित आकलन तैयार किया। हालांकि, यह मद दरों के विश्लेषण में पहले से ही शामिल किया गया था। इस मद पर ₹ 1.45 करोड़ के भुगतान के परिणामस्वरूप अतिरिक्त व्यय हुआ। डिवीजन ने इस अवलोकन को स्वीकार किया।
		0.71	धनसिरी परियोजना डिवीजन, नहर-II सिंचाई, उदलगुड़ी ने लाखी नदी पर जलसेतु के निर्माण के लिए ₹ 8.65 करोड़ का अनुमान तय किया। हालांकि, ठेकेदारों को मजदूरी लागत पर 30 प्रतिशत आकस्मिक प्रभार शामिल करने के माध्यम से स्वीकृत बढ़ी हुई दर के भत्ते के लिए ₹ 71.23 लाख का अतिरिक्त भुगतान किया गया था।

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			इस प्रकार, किसी भी पूरक निविदा के बिना तथा कार्य शुरू होने के बाद में निविदा दरों में बाद में की गई वृद्धि को उचित नहीं ठहराया जा सकता है और यह मौजूदा सी.डब्ल्यू.सी. दिशानिर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन/हेरफेर है। श्रम पर आकस्मिक/परोक्ष लागत को शामिल करने के लिए प्रावधान केवल कार्य की वास्तविक लागत का पता लगाने और निधि की मंज़ूरी हेतु आकलन/डी.पी.आर. तैयार करने के लिए सी.डब्ल्यू.सी. दिशानिर्देशों में किया गया है।
		0.56	कार्यकारी अभियंता, धनसिरी परियोजना डिवीजन, नहर-II (सिंचाई), उदलगुड़ी के अभिलेखों की जांच-परीक्षा से पता चला कि डिवीजन ने संशोधित आकलन तैयार करने के समय "सीमेंट/मजबूत सलाखों/स्टील की प्लेटों/स्टील की सामग्रियों आदि को चढ़ाई एवं उतराई सहित ट्रक परिवहन द्वारा गुवाहाटी से कार्यस्थल तक पहुँचाने" के मद को शामिल किया था और तदनुसार 3,310.60 मीट्रिक टन की उक्त सामग्रियों के परिवहन के लिए ठेकेदार को ₹ 55.73 लाख का भुगतान किया गया था। चूंकि, सामग्रियों की ढुलाई लागत को आर.सी.सी./सी.सी. कार्यों की मद दरों में पहले से ही शामिल किया गया था इसलिए इस मद के अलावा ₹ 55.73 लाख के अतिरिक्त ढुलाई लागत की अनुमति का परिणाम परिहार्य अतिरिक्त व्यय के रूप में हुआ।
बिहार	पुनपुन	0.67	• बैराज की स्थापना से भूमि के उत्खनन के लिए ₹ 26 लाख के अतिरिक्त भुगतान को ठेकेदार को दुगुने भुगतान के मामले के रूप में पाया गया था। • 810.00 मीट्रिक टन पत्रक गड्डे को प्रदान करने और रखने के काम के लिए एक पूरक समझौते के तहत डिवीजन ने मूल समझौते के मुकाबले उच्च दरों पर भुगतान किया जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 41 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
कर्नाटक	नारायणपुरा लेफ्ट बैंक नहर	187.19	विभागीय नियमों के अनुसार, एस.आर. में दरों के ऊपर 25 प्रतिशत वेटेज केवल काम के अंतिम भुगतान बिल के साथ देय था। लेकिन विभाग ने कार्य पूर्ति के 90 प्रतिशत तक किए गए भुगतान के लिए चालू खातों के बिल के साथ ₹ 187.19 करोड़ के वेटेज का भुगतान किया। इस प्रकार, ₹ 187.19 करोड़ के अधिक-भुगतान/पूर्व-भुगतान का अनुचित लाभ ठेकेदार को बढ़ाया गया था।
मध्य प्रदेश	बाणसागर	0.31	केवटी नहर रीवा डिवीजन के समझौते में पानी देने और संघनन के मद को केवल भरण/अर्थवर्क के मात्रा के बजाय कड़ी मिट्टी/हार्ड मुरम में उत्खनन की पूरी मात्रा के लिए

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			प्रयुक्त/जोड़ा गया था। यह देखा गया था कि भरण/अर्थवर्क में 1,48,251.30 घन मीटर मात्रा का उपयोग किया गया था। हालांकि, पानी लगाना और संघनन निष्पादित नहीं किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 31.37 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
		0.61	तटबंध के अर्थवर्क में दो प्रतिशत की दर से अवमूल्यन भत्ते को कम किया जाना था। हालांकि, केवटी नहर डिवीजन, रीवा के समझौते में नहर के अर्थवर्क में भरण भाग में 10 और 20 प्रतिशत की दर से अवमूल्यन भत्ता काटा गया था जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 61.14 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
		0.29	केवटी नहर, रीवा के समझौते में 42वें आर.ए. बिल में ठेकेदार को ₹ 9.53 करोड़ का भुगतान किया गया था लेकिन डिवीजन द्वारा तैयार किए गए 43वें और अंतिम बिल में किए गए कार्य की वास्तविक कुल राशि ₹ 9.25 करोड़ थी। इसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए माप के कारण ठेकेदार को ₹ 29 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
		0.24	प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार द्वारा उत्खनित और उपलब्ध हार्ड मुरम का उपयोग करके अपनी लागत पर हाउल रोड का निर्माण किया जाना था। केवटी नहर डिवीजन, रीवा के दो समझौतों में, डिवीजन ने ठेकेदार को हार्ड मूरम के संग्रह और प्रसार के लिए ₹ 23.98 लाख का भुगतान किया जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त भुगतान हुआ।
		0.11	विभाग ने ठेकेदार के चालू बिल से ड्रेसिंग के कार्य के गैर-निष्पादन के लिए नहर के उत्खनन में 5,033.70 घन मीटर की मात्रा को रोक दिया लेकिन रिकॉर्ड में ड्रेसिंग कार्य के निष्पादन के बिना इसे अंतिम बिल में जारी किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 10.98 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
	महुआर	2.27	प्रावधानों के अनुसार सीमेंट कंक्रीट (सी.सी.) का मद एक पूर्ण मद है, इस प्रकार धातु की संग्रह दर इसके लिए पृथक रूप से देय नहीं है। डब्ल्यू.आर.डी. डिवीजन, शिवपुरी के समझौते में धातु के लिए 15 कि.मी. के लीड को अनुमानित दर में शामिल किया गया था जिस पर निविदा प्रतिशत का भुगतान किया गया था। इसके अलावा, यद्यपि शिवपुरी जिले में बी.टी. या ग्रेनाइट धातु सम्मिलित नहीं था तथापि सी.सी. में बी.टी./ग्रेनाइट धातु के लिए भुगतान को जोड़ा गया था और इसके लिए भुगतान किया गया था। इसके

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			अलावा, सी.सी. के पूर्ण मद के बावजूद सी.सी. के लिए धातु के अतिरिक्त संग्रहण दर को भी अनुमानित दर तक पहुंचने और भुगतान के लिए जोड़ा गया था। इसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 2.27 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
		5.85	आर.बी.सी. नहर के माइनर्स, सबमाइनर्स एवं माइनर्स के ढ़ाचे सहित निर्माण हेतु समझौते के प्रावधान के अनुसार 25.20 कि.मी. की लंबाई में आर.बी.सी. के मुख्य नहर का निर्माण किया जाना था। यह देखा गया कि आर.बी.सी. का मुख्य नहर को 25.20 कि.मी. की अनुमोदित लंबाई की तुलना में केवल 21.09 कि.मी. की लंबाई तक निर्मित किया गया था, लेकिन डिवीजन ने ठेकेदार को पूरी राशि का भुगतान किया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.25 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ। इसके अलावा, समझौते के साथ संलग्न भुगतान सूची के अनुसार निर्मित प्रणाली को लगाने और परीक्षण के लिए तथा दोष देयता अवधि (तीन वर्ष) के बाद प्रतिशत भुगतान 3.80 प्रतिशत था। लेकिन ठेकेदार को दिए गए अंतिम बिल के अनुसार डिवीजन ने ठेकेदार को पूर्ण संविदा राशि का भुगतान किया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.61 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
	सिंहपुर	0.25	यह देखा गया था कि उत्खनन के लिए अनुमानित दर ₹ 30.13 प्रति घन मीटर थी लेकिन शेष कार्य में उत्खनन की दरें ₹ 90.99 प्रति घन मीटर के रूप में ली गई थी। इस प्रकार शेष कार्य में दर में गलत वृद्धि के कारण, ठेकेदार को ₹ 24.48 लाख का अतिरिक्त भुगतान किया गया था।
		0.16	"मुख्य नहर का निर्माण, वितरण, सिंहपुर बैराज परियोजना के सभी वितरण प्रणाली के साथ माइनर एवं सबमाइनर" के समझौते में, पूरे लंबाई में सी.एन.एस. परत चढ़ाने की लागत को कार्य के निर्धारित लागत में शामिल किया गया था। यह देखा गया कि सी.एन.एस. परत को मुख्य नहर की प्रारंभिक पहुंच में 0 से 5 कि.मी. तक नहीं चढ़ाया गया था, लेकिन इसके लिए वसूली नहीं की गई थी जिसके कारण ₹ 16.11 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
	सगद	1.01	समझौते के प्रावधान और कच्चा बांध, स्पिल मार्ग, डेक पुल और स्लूस के निर्माण कार्य में सी.सी. मदों के अनुमानित दर के अनुसार सीमेंट कंक्रीट कार्य के लिए नर्मदा रेत का उपयोग किया जाना था जिसके लिए 180 कि.मी. लीड प्रदान किया गया था। यह देखा गया कि निष्पादन के दौरान ठेकेदार ने नर्मदा रेत के स्थान पर 14,205.12 घन मीटर

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			स्थानीय रेत का उपयोग किया लेकिन इसके लिए ठेकेदार के भुगतान से कोई वसूली नहीं की गई थी। इससे ₹ 1.01 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ।
महाराष्ट्र	लोअर पंजारा एवं वाघूर परियोजनाएं	3.01	भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के पैरा 28 और 34 के अनुसार मुआवजे की राशि पर एक वर्ष के लिए नौ प्रतिशत और उसके बाद प्रति वर्ष 15 प्रतिशत की दर पर ब्याज का भुगतान भूमि पर अधिकार प्राप्त होने की तारीख से लेकर मुआवजे के अंतिम भुगतान की तारीख तक किया जाना था। यदि किसान उसे भुगतान किए गए मुआवजे की राशि से संतुष्ट नहीं है, तो वह बढ़े हुए मुआवजे के लिए विधि न्यायालय से संपर्क कर सकता है। अगर अदालत किसान के पक्ष में फैसला सुनाती है, तो बढ़े हुए मुआवजे को किसान को तत्काल भुगतान किया जाना होगा और किसी भी देरी के मामले में 15 प्रतिशत की दर से दंडस्वरूप ब्याज का भुगतान ठेकेदार को तब तक किया जाएगा जब तक उस किसान को मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाता है। लेखापरीक्षा में पाया गया कि 134 किसानों को बढ़े हुए मुआवजे के भुगतान में मुआवजा देने की तिथि (2010-15) से दो से 70 महीने की अवधि तक की देरी हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप विलंबित अवधि के लिए ₹ 3.01 करोड़ के ब्याज का भुगतान किया गया था।
	लोअर पेढी	1.05	केंद्रीय उत्पाद शुल्क के अनुसार साइट पर निर्मित सिंचाई परियोजनाओं के द्वार उत्पाद शुल्क के भुगतान से छूट-प्राप्त हैं। इसके अलावा, सिंचाई या पीने के उद्देश्य हेतु पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यक पाइपों को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (सी.ई.डी.) के भुगतान से छूट दी गई है। 2,082.93 मीट्रिक टन गेट्स/पाइपों के सी.ई.डी. घटक के लागत अनुमानों को, इस तथ्य के बावजूद कि ठेकेदार किसी सी.ई.डी. का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं था, लोड किया गया था।
	लाल नाला	0.65	1,855.43 मीट्रिक टन गेट्स/पाइपों के सी.ई.डी. घटक के लागत अनुमानों को, इस तथ्य के बावजूद कि ठेकेदार किसी सी.ई.डी. का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं था, लोड किया गया था।
	नांदूर मध्मेश्वर चरण-II	0.37	मीट्रिक टन गेट्स/पाइपों के सी.ई.डी. घटक के लागत अनुमानों को, इस तथ्य के बावजूद कि ठेकेदार किसी सी.ई.डी. का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं था, लोड किया गया था।

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
ओडिशा	लोअर सुकटेल परियोजना	58.28	• इस परियोजना के स्पिल्वे और अर्थ डैम के कार्यों को क्रमशः दिसम्बर 2011 और अप्रैल 2013 में ओ.सी.सी. को ₹ 140.74 करोड़ और ₹ 59.90 करोड़ के उनके प्रस्तावित दरों पर दिया गया था। ओ.सी.सी. की प्रस्तावित दरों की जांच से पता चला कि पत्थर, चिप्स और रेत के लिए ओ.सी.सी. द्वारा अपनाई गई दरें विभागीय दरों से अधिक थीं। विभागीय दरों को अनदेखा करके उच्च दरों की संस्वीकृति देना वित्तीय औचित्य के अनुरूप नहीं था। इसका परिणाम इस परियोजना के लिए ₹ 12.82 करोड़ के अतिरिक्त लागत के रूप में हुआ। • अर्थ डैम के निर्माण में 8,21,651.67 घन मीटर के भूमि संघनन के लिए ज्यादा किफायती शीप फुट रोलर के बजाय वाइब्रेटरी रोलर का इस्तेमाल किया गया था जिससे ₹ 1.60 करोड़ की अतिरिक्त लागत हुई। • ₹ 43.86 करोड़ का अतिरिक्त स्थापना व्यय हुआ जो परिहार्य था।
	रूकुरा एवं कानूपुर सिंचाई परियोजना	3.40	तीन कार्यों (रूकुरा के तहत दो और कानूपुर परियोजना के तहत एक) को जुलाई 2012 से मार्च 2016 के बीच पूरा करने के लिए ₹ 97.87 करोड़ के समझौता मूल्य सहित सौंपा गया था। ₹ 38.58 करोड़ की लागत से अतिरिक्त मदों के साथ सभी कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी के साथ पूरक समझौते किए गए थे। समझौते की शर्त के अनुसार मौजूदा एस.ओ.आर. पर अतिरिक्त मद के निष्पादन के लिए पूरक समझौतों को समाप्त किया गया था। अगर इन मदों को शुरूआती चरण में समझौतों में शामिल किया गया होता और विस्तृत सर्वेक्षण और जांच के बाद कार्य सौंपे गए होते, तो समझौते में ₹ 38.58 करोड़ के लिए अतिरिक्त मदों को शामिल किया जा सकता था और समझौते की दर के अनुसार ₹ 3.40 करोड़ की कम दर पर निष्पादित किया जा सकता था। इस प्रकार, पूरक समझौतों के माध्यम से कार्यों के निष्पादन का परिणाम ₹ 3.40 करोड़ के अतिरिक्त लागत के रूप में हुआ।
	कानूपुर सिंचाई परियोजना	22.04	• कानूपुर नहर डिवीजन के तहत ₹ 112.07 करोड़ के मूल्य वाले छह पैकेजों के तहत कार्यों को निष्पादित किया गया था। कार्यों में ₹ 45.00 से ₹ 53.60 प्रति घन मीटर की दर से 18.11 लाख घन मीटर की भूमि के उत्खनन के लिए प्रावधान शामिल था।

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			लेखापरीक्षा में पाया गया कि उपरोक्त मात्रा की भूमि की उपलब्धता के बावजूद उधार क्षेत्र से ₹ 15.63 करोड़ की लागत पर 10.54 लाख घन मीटर की भूमि प्राप्त करने के लिए एक प्रावधान किया गया था जिससे बचा जा सकता था। • सीमेंट कार्य की एक संविदा के लिए लागत को माइनर कोर्स के ₹ 3.85 लाख घन मीटर के आंकलन को रिहैंडलिंग प्रभारों को जोड़कर ₹ 6.50 करोड़ तक बढ़ाया गया था। अतः 3.76 लाख घन मीटर के सीमेंट कार्य के निष्पादन के लिए ठेकेदार को ₹ 6.41 करोड़ का अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।
	तेलिनगिरी सिंचाई परियोजना	2.50	स्पिलवे के रेडियल गेट्स के निर्माण, उत्थापन और परिवहन के लिए, ओ.सी.सी. ने मई 2010 में ₹ 20.38 करोड़ की दर दी। चूंकि प्रस्तावित दर ड्राइंग और डिज़ाइन प्रभारों में शामिल था इसलिए परियोजना प्राधिकरणों द्वारा उसे स्वीकार नहीं किया गया। इसके बाद, ओ.सी.सी. ने ड्राइंग और डिजाइन प्रभारों को छोड़कर कार्य के लिए फरवरी 2012 में ₹ 22.88 करोड़ की दर प्रस्तुत की और उसे स्वीकार कर लिया गया। बाद की तारीख में निविदा की स्वीकृति के परिणामस्वरूप ₹ 2.50 करोड़ की अतिरिक्त लागत हुई।
तेलंगाना	जे. चोखा राव	524.82	एक प्राचीन धरोहर मंदिर सहित चरण-III के तहत पैकेज-II में ₹ 531.71 करोड़ की लागत के एक सुरंग का संरेखण प्रस्तावित था। कार्य के निष्पादन के दौरान स्थानीय लोगों ने सुरंग के विस्फोट का विरोध किया। ₹ 44.64 करोड़ के अतिरिक्त व्यय के लिए राज्य स्तरीय स्थायी समिति (एस.एल.एस.सी.) द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक सुरंग व्यवस्था को नहीं लिया गया और इसके बजाय सरकार ने मार्च 2015 में ₹ 1,101.17 करोड़ की संशोधित लागत पर सुरंग के बजाय पाइपलाइन लगाने के पक्ष में निर्णय लिया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 524.82 करोड़ की अतिरिक्त प्रतिबद्धता हुई जिसमें से ₹ 214.21 करोड़ व्यय किए गए थे।
	पलेमवगू	0.75	परियोजना के अतिरिक्त कार्य से संबंधित आंकड़ों की जांच करने पर यह देखा गया कि ठेकेदार के लाभ के प्रति आकलन में 14 प्रतिशत लोड किया गया था जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ काम के लिए बीमा प्रीमियम के प्रति प्रावधान शामिल था। ठेकेदार के लाभ के तहत आकलन में

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
			बीमा प्रीमियम को शामिल करने के बावजूद अतिरिक्त कार्यों के लिए ठेकेदार को ₹ 75 लाख की राशि की प्रतिपूर्ति की गई थी जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त भुगतान हुआ।
	एस.आर.एस.पी. चरण-II	0.28	एस.आर.एस.पी.-II के पैकेज-53 में विभाग ने देखा (नवंबर 2012) कि ठेकेदार को जांच, माइनर्स, सबमाइनर्स के डिजाइन एवं फील्ड चैनलों की संरचनाओं के लिए ₹ 1.36 करोड़ का भुगतान किया गया था। हालांकि, एजेंसी ने वास्तव में फील्ड चैनल की जांच और सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी। विभाग ने फील्ड चैनलों की जांच और सर्वेक्षण के प्रति ₹ 91 लाख के अतिरिक्त भुगतान का आकलन किया। इनमें से वसूल किए जाने के लिए ₹ 28 लाख की बकाया राशि को छोड़कर ₹ 62 लाख की राशि की वसूली (मार्च 2013) की गई थी।
उप कुल योग		**829.19**	
एम.आई. योजनाएं			
असम	सुबुरा	0.63	2011-12 और 2012-13 के दौरान गलत रूप से तैयार किए गए मद दरों के आधार पर विभागीय अनुसूची दर (डी.एस.आर.) के उल्लंघन में विभिन्न मदों के लिए अतिरिक्त मात्रा में सामग्री और श्रम की अनुमति देते हुए ठेकेदारों को कार्य सौंपे गए थें जिसके कारण ₹ 63 लाख का अतिरिक्त व्यय के साथ ही ठेकेदारों को उस सीमा तक अनुचित लाभ हुआ।
मध्य प्रदेश	बारखेड़ा छज्जू टैंक	0.40	प्रावधानों के अनुसार स्थल-पर-सामग्री खाते में अभिलेखित किए जाने के लिए उपयोग योग्य चट्टान की मात्रा उत्खनन में भुगतान की गई मात्रा का 1.3 गुना होगा, जिसे ठेकेदार को साइट पर कार्य में उपयोग के लिए जारी किया जाना था। एक समझौते में, ठेकेदार ने 2,915.87 घन मीटर हार्ड रॉक की खुदाई की, इस प्रकार 1.3 गुना यानी 3,790.63 घन मीटर धातु कार्य में उपयोग के लिए साइट पर उपलब्ध था। इसके बावजूद अनुमानित दरों में न्यूनतम 2 कि.मी. के गोल पत्थरों/धातु के लीड को शामिल किया गया और ठेकेदार को दिया गया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.29 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ था। आगे यह देखा गया कि ठेकेदार ने निर्धारित करेरा रेत के स्थान पर कंक्रीट में स्टोन डस्ट का उपयोग किया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 36.10 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।

राज्य	परियोजना	राशि	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
	बारखेड़ा छज्जू	0.19	• सिंचाई की विशिष्टताओं के अनुसार उन जगहों पर टेम्पिंग प्रदान किया जाना चाहिए जहां रोलर के माध्यम से भूमि भरण सामग्री का संघनन अव्यवहारिक या अवांछनीय है। हालांकि मात्राओं की सूची में टेम्पिंग का काम शामिल नहीं था, लेकिन इसका भी निष्पादन और आवश्यकता के बिना भुगतान किया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 2.62 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। • सिंचाई विशिष्टता के अनुसार, यदि उप-ग्रेड का उभार दबाव 0.50 किलोग्राम/वर्ग सेमी से अधिक है यानी काली मिट्टी या महंगी मिट्टी में, जिसे समय-समय पर विभाग द्वारा दोहराया गया था तो उप-ग्रेड का परीक्षण करने के बाद सी.एन.एस. परत प्रदान की जानी चाहिए। हालांकि नहर खुदाई में नगण्य उभार दबाव था तथापि विभाग ने उप-ग्रेड का परीक्षण किए बिना ही पूरे नहर की लंबाई में सी.एन.एस. को प्रदान किया और मापा जिसके परिणामस्वरूप ₹ 16.33 लाख का अतिरिक्त व्यय हुआ।
	मीराहसन	0.14	• यद्यपि मदों की सूची में 25 मि.मी. व्यास का स्टील प्रदान करने और फिक्स करने की दरें प्रति सलाखें गणना की गई थी तथापि उसका प्रति मीटर की दरों पर भुगतान किया गया था जिसके परिणामस्वरूप ₹ 8.43 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। • यद्यपि जहां अर्थवर्क/खुदाई में ड्रेसिंग के लिए भुगतान पहले से ही किया जा चुका है वहा ट्रिमिंग प्रभार देय नहीं थें तथापि, विभाग ने 2,02,111.38 वर्ग मीटर की मात्रा में मिट्टी की खुदाई के लिए ट्रिमिंग हेतु ₹ 5.57 लाख का भुगतान किया।
उप कुल योग		**1.36**	
कुल		**830.55**	

अनुबंध 4.16
(पैरा संख्या 4.9.6 का संदर्भ लें)
ठेकेदारों को अनुचित लाभ

ए: एम.एम.आई. परियोजनाएं

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
जोखिम और लागत खंड का आह्वान किए बिना संविदाओं की समाप्ति			
छत्तीसगढ़	महानदी	19.35	• महानदी मुख्य नहर पर पक्की सड़क बनाने वाली मशीन द्वारा सीमेंट कंक्रीट लाइनिंग के निर्माण का कार्य 102.10 से 113.33 कि.मी चयनित जगहों में. ₹ 14.01 करोड़ की लागत से दो संविदाओं के तहत ठेकेदार को दिया (सितंबर 2007) गया था। संविदा की शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार काम पूरा होने तक ठेकेदार को जोखिम एवं लागत पर काम करना था। ठेकेदार ने संविदा में यथा निर्धारित कार्य पूरा नहीं किया। ठेकेदार के जोखिम एवं लागत पर संविदाओं को समाप्त करने के बजाए ई.ई. नें ₹ 1.10 करोड़ का भुगतान किया और जोखिम और लागत खंड का आह्वान किए बिना संविदा को बंद कर दिया। विभाग ने फरवरी 2015 में ₹ 28.66 करोड़ की राशि से शेष कार्य के लिए एक नई संविदा थी जिसके परिणामस्वरूप सरकार को ₹ 17.70 करोड़ की अतिरिक्त लागत हुई। • इसी प्रकार कंवरहाट शाखा नहर पर सीमेंट कंक्रीट लाइनिंग के लिए आर.डी. 0 से 1,920 मीटर, 2,550 से 3,200 मीटर और 6,600 से 17,525 मीटर तक एक और संविदा ₹ 2.20 करोड़ की लागत पर दिया गया जो ठेकेदार द्वारा पूरा नहीं किया गया और उसे भी जोखिम और लागत खंड के आह्वान किए बगैर बंद कर दिया गया। शेष कार्य जिसकी लागत ₹ 1.34 करोड़ थी उसे दूसरे ठेकेदार को ₹ 2.99 करोड़ की लागत पर दिया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.65 करोड़ का अतिरिक्त लागत हुआ।
जम्मू एवं कश्मीर	कंडी नहर परियोजना	3.37	नहर निर्माण हेतु ₹ 3.55 करोड़ का संचालित अग्रिम ठेकेदार को (2007-08) मशीनरी की गिरवी के विपरीत भुगतान किया गया लेकिन विभाग हाइपोथेकेशन डीड के शर्तों के अनुसार कार्यपालक अभियंता के नाम पर पंजीकरण करने में असफल रहा। ठेकेदार ने जनवरी 2010 में काम छोड़ दिया। उस समय ₹ 3.37 करोड़ संचालित अग्रिम की राशि ठेकेदार से वसूली योग्य थी। चूंकि हाइपोथेकेशन डीड विभाग के नाम पर पंजीकृत नहीं थी अतः ठेकेदार द्वारा काम छोड़ने के बाद विभाग उसके मशीनरी को जब्त करने में असमर्थ था। इसके बाद ठेकेदार को माननीय जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा नवंबर 2010 में संचालित अग्रिम की वसूली के विरूद्ध में स्टे आर्डर

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
			दिया गया। इस प्रकार बकाया संचालित अग्रिम ₹ 3.37 करोड़ बिना वसूली के रह गया और उक्त अग्रिम के विरूद्ध विभाग के नाम पर रखी गिरवी मशीनरी का दावा भी सितंबर 2017 तक नहीं किया जा सका। इसके अलावा विभाग ने दिसबंर 2006 और मई 2008 के बीच भंडार खरीद विभाग, जम्मू को निर्माण सामग्री की खरीद हेतु ₹ 65 लाख का अग्रिम दिया लेकिन सितंबर 2017 तक सामग्री प्राप्त नहीं हुई जिसके कारण यह राशि भी असमायोजित रही। विभाग ने कहा (सितंबर 2017) कि उच्चत्तर प्राधिकारियों और राज्य स्तरीय संविदा समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार नए सिरे से कार्य के आवंटन से संबंधित इस मुद्दे पर विचार किया जाएगा।
झारखंड	सुवर्णरेखा	1.88	ठेकेदार द्वारा संविदा की मौलिक उल्लंघन के कारण संविदा की समाप्ति के मामले में अभियंता अग्रिम भुगतानों, अन्य देय वसूलियों, स्रोत कर और अधूरे कार्य के मूल्य का 20 प्रतिशत कटौती कर किए गए कार्य के मूल्य के लिए प्रमाणपत्र जारी करेगा। इछा राईट मुख्य नहर के अर्थवर्क और 0.00 से 4.56 कि.मी. एवं 6.03 से 6.39 कि.मी. तक लाइनिंग के निर्माण हेतु समझौते के तहत अभियंता ने ठेकेदार द्वारा संविदा की मौलिकता उल्लंघन के कारण संविदा समाप्त कर दिया परन्तु ₹ 1.88 करोड़ की मांग के लिए भुगतान प्रमाणपत्र जारी नहीं किया।
कर्नाटक	गुड्डदा मालापुरा	50.60	लिफ्ट सिंचाई प्रणाली से संबंधित ₹ 35.87 करोड़ के मूल्य वाले कार्य को धीमी गति के कारण पहले ठेकेदार से वापस ले लिया गया और दूसरे ठेकेदार को ₹ 86.47 करोड़ लागत पर दिया गया। ₹ 50.60 करोड़ की अतिरिक्त लागत को जोखिम एवं लागत खंड का आह्वान करते हुए पहले ठेकेदार से वसूला नहीं गया। अतः पहले ठेकेदार को ₹ 50.60 करोड़ का अनुचित लाभ पहुँचाया गया।
	घाटप्रभा	0.68	ठेकेदार निष्पादन की मूल अवधि के 10 गुना विस्तार के बाद भी ₹ 69.57 लाख के कार्य में से ₹ 21.77 लाख का कार्य कर सका। इसलिए कार्य को रद्द कर दिया गया एवं दूसरे ठेकेदार को पुनःआवंटित किया गया जिसने इसे ₹ 1.16 करोड़ में पूरा किया। विभाग ने पहले ठेकेदार से जोखिम एवं लागत खंड का आह्वान करते हुए अनुचित देरी के कारण हुए अतिरिक्त लागत की वसूली नहीं की। इस प्रकार पहले ठेकेदार को ₹ 67.80 लाख का अनुचित लाभ पहुँचाया गया।
केरल	कारापुज्हा	1.14	स्लिपवे चैनल के अनुप्रवाह पर ए.आई.बी.पी. निधि का उपयोग कर सड़क मार्ग और हैंड्रिल्स के बिना एक ब्रिज प्रोपर की अपूर्ण संरचना का निर्माण किया गया था। इस समझौते को 29.03.2005 को निष्पादित किया गया था। कई बार अवधि विस्तार के बावजूद ठेकेदार कार्य पूरा करने में विफल रहा। ठेकेदार के जोखिम एवं लागत पर कार्य को मई 2014 में समाप्त कर दिया गया। ठेकेदार ने

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
			केवल ब्रिज प्रोपर का कार्य पूरा किया जिसके लिए ₹ 1.14 करोड़ का व्यय किया गया था। ठेकेदार से जोखिम एवं लागत देयता अभी भी वसूल किए जाने थे। शेष कार्य अभी तक नहीं किया गया।
मध्य प्रदेश	सिंध परियोजना चरण-II और सिंहपुर परियोजना	36.08	सिंध परियोजना चरण-II के नौ समझौते और सिंहपुर मध्यम परियोजना के एक समझौते में ठेकेदार द्वारा काम की देरी या गैर-निष्पादन के कारण कार्यों को रद्द कर दिया गया और शेष कार्यों को डेबिट योग्य खंड के अंतर्गत दूसरे समझौता के तहत उच्च दर पर किया गया लेकिन ₹ 36.08 करोड़ की डेबिट योग्य लागत की वसूली ठेकेदार से नहीं की गई।
तेलंगाना	एस.आर.एस.पी. की इंदिराम्मा बाढ़ प्रवाह नहर	23.74	इंदिरामा फ्लड फ्लो नहर (आई.एफ.एफ.सी.) परियोजना के तहत थोटापली जलाशय[5] के गठन का काम 36 महीने (सितंबर 2011) के भीतर पूरा करने के की शर्त के साथ ₹ 131.68 करोड़ की राशि के लिए सौंपा (सितंबर 2008) गया था। ठेका एजेंसी ने (अगस्त 2010) जलाशयों के काम की जांच और डिजाइन को पूरा कर लिया और ₹ 1.24 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। इसके बाद एजेंसी ने पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर. एंड आर.) गतिविधियों और भूमि अधिग्रहण की गैर-पूर्ति के कारण काम बंद (दिसंबर 2013) कर दिया। इस संविदा को जून 2015 में समाप्त कर दिया गया। समाप्ति पर एजेंसी से ₹ 28.35 करोड़[6] की कुल राशि में से विभाग ने केवल ₹ 4.61 करोड़ वसूल (मार्च 2017) किए और विभाग को एजेंसी से अभी भी अन्य ₹ 23.74 करोड़ वसूल करना था।
उप कुल योग		**136.84**	
परिनिर्धारित हर्जाने एवं अन्य जुर्मानों की गैर-वसूली			
बिहार	दुर्गावती	1.29	तीन समझौते यथा दुर्गावती राईट मेन कैनल का निर्माण, दुर्गावती लेफ्ट मेन कैनल के बेलोन वितरक का निर्माण और दुर्गावती लेफ्ट मेन कैनल के भोरैया लघु वितरक का निर्माण को पूरा किए बिना बंद कर दिया गया और अंतिम भुगतान क्रमशः ₹ 84 लाख, ₹ 29 लाख और ₹ 16 लाख के एल.डी. की कटौती किए बिना किया गया।
गुजरात	सरदार सरोवर परियोजना	11.89	जनवरी 2017 में सेवा सड़क मुहैया करने और निर्मित करने के लिए कार्य को जुलाई 2017 तक पूरा करने की शर्त के साथ ₹ 95.68 करोड़ की लागत पर सौंपा गया था। सितंबर 2017 तक, ठेकेदार केवल ₹ 37.47 करोड़ के मूल्यांकित कार्य को पूरा कर सका, लेकिन संविदा की शर्तों के अनुसार ₹ 11.89 करोड़ की राशि के परिनिर्धारित हर्जाने को वसूल नहीं किया गया था।
झारखंड	सुबर्णरेखा, गुमानी, सोनुआ, सुरंगी एवं पंचखेरो	58.38	पाँच परियोजनाओं (सुबर्णरेखा बहुउद्देशीय: 46; गुमानी: 9; सोनुआ: 9; सुरंगी: 1; पंचखेरो: 1) के तहत 66 कार्यों में 23 से 1,467 दिनों के बीच की अवधि तक की देरी पाई गई थी। ₹ 78.55 करोड़ के अनुप्रयोग योग्य एल.डी. में से ₹ 58.38 करोड़ की राशि की कटौती नहीं की गई थी।

[5] ओगलापुर (थोटापली) बैलेंसिंग जलाशय की जांच, डिजाइन और निष्पादन श्रीराम सागर परियोजना (जलाशय कार्य) के बाढ़ प्रवाह नहर परियोजना के तहत करीमनगर जिले के थोटापल्ली गांव के पास 1.70 टी.एम.सी. पानी स्टोर करने के लिए।

[6] निष्पादन बैंक गारंटी की जब्ती, काम के बकाया मूल्य पर 20 प्रतिशत की वसूली और जुटाव अग्रिम की गैर-वसूली सहित।

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
कर्नाटक	अपर तुंगा	6.47	90 दिनों से अधिक की देरी के कारण ठेकेदार से 7.5 प्रतिशत के परिनिर्धारित हर्जाना लिया जाना था। लेकिन ठेकेदारों को अपर तुंगा परियोजना से संबंधित 16 कार्यों में देरी से 90 दिनों से ज्यादा की देरी के लिए ₹ 6.47 करोड़ के परिनिर्धारित हर्जाने की बजाय जुर्माने के रूप में केवल ₹ 0.59 लाख जुर्माना लगाया गया था।
मध्य प्रदेश	बाणसागर एवं महुआर परियोजनाएं	5.95	बाणसगर यूनिट-II के तीन समझौते और माहुआर मध्यम परियोजना के एक समझौते में यह देखा गया था कि ठेकेदार ने पूरा करने की निर्धारित अवधि में काम निष्पादित नहीं किया था लेकिन विभाग ने इसके लिए जुर्माना नहीं लगाया जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों को ₹ 5.95 करोड़ का अनुचित वित्तीय लाभ हुआ।
राजस्थान	नर्मदा नहर	4.20	नियत समय पर काम पूरा नहीं होने के कारण ठेकेदार पर ₹ 4.28 करोड़, (धारा 2 के तहत ₹ 1.25 करोड़ और धारा 3 सी के तहत ₹ 3.03 करोड़) का जुर्माना लगाया गया था, जिसमें से केवल ₹ 7.65 लाख वसूल किए गए थे और शेष ₹ 4.20 करोड़ की राशि अभी तक वसूल नहीं हुई थी।
उप कुल योग		**88.18**	
अग्रिमों एवं बीमा रक्षा की गैर/कम वसूली			
आंध्र प्रदेश	कानुपूर	0.42	सरकार ने ए.आई.बी.पी. के तहत ₹ 9.78 करोड़ की लागत सहित कानूपुर नहर परियोजना के 0.00 से 7.20 कि.मी. तक के स्तर का कार्य सौंपा (अक्टूबर 2002)। कार्य को पूरा करने की निर्धारित तिथि मार्च 2003 थी। सतर्कता और प्रवर्तन विभाग ने बताया कि विभाग ने निविदा दस्तावेजों के साथ संलग्न अनुभव प्रमाणपत्र की वास्तविकता के उचित सत्यापन के बिना ठेकेदार का चयन किया था। तदनुसार, विभाग ने कार्य निर्धारित (अप्रैल 2003) किया। विभाग ने (जून 2008) राज्य निधि के साथ कानूपुर नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण के पैकेज-4 के तहत काम किया। संविदा (अप्रैल 2003) की समाप्ति की तारीख तक ए.आई.बी.पी. निधि से कुल व्यय ₹ 71 लाख था। इस राशि में ठेकेदार को भुगतान किए गए ₹ 42 लाख का संचालित अग्रिम शामिल था जिसे अभी तक वसूल नहीं किया गया था। ₹ 29 लाख का शेष व्यय निविदा सूची पर विभागीय प्रभारों पर किया गया था। इस प्रकार, पूरा व्यय व्यर्थ हो गया और सरकार को नुकसान पहुंचा।
असम	धानसिरी सिंचाई परियोजना	0.17	बी. 3 एम. नहर के चैनल 16,760 मीटर पर गेटेड स्पिलवे के निर्माण कार्य हेतु भुगतान करते समय ठेकेदार के बिलों से 10 प्रतिशत भुगतान की दर से ₹ 17 लाख की सुरक्षा जमा के लिए सांविधिक कटौती नहीं की गई थी।
बिहार	पुनपुन	7.22	• यद्यपि समझौते में प्लांट और मशीनरी अग्रिम के अनुदान की व्यनस्था नहीं थी तथापि पुनपुन बैराज डिवीजन-1, जी.ओ.एच. के कार्यकारी अभियंता ने ₹ 13.44 करोड़ के इस प्रकार के अग्रिम का भुगतान किया, जिसमें से ₹ 6.92 करोड़ की राशि ठेकेदार से वसूल नहीं की गई थी। 2013 से काम बंद रहा।

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
			• भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण पुनपुन बैराज योजना के मुख्य नहर के निर्माण के लिए किए गए समझौते को रद्द करना पड़ा, हालांकि, ठेकेदार को दिए गए ₹ 30 लाख के संचालित अग्रिम को वसूल नहीं किया गया था।
गुजरात	सरदार सरोवर परियोजना	12.96	2011 और 2016 के बीच विभिन्न एजेंसियों को दिए गए ₹ 11.16 करोड़ की राशि के विविध लोक निर्माण कार्यों के अग्रिम मार्च 2017 तक इन एजेंसियों के पास बकाया थी। इसी तरह, जुलाई 2017 तक ठेकेदार से ₹ 1.80 करोड़ का संचालित अग्रिम (एम.ए.) वसूल नहीं किया गया था। एम.ए. में से फरवरी और अप्रैल 2011 में एजेंसी को ₹ 17.26 करोड़ दिए गए।
झारखंड	सुबर्णरेखा	8.60	समझौते के अनुसार ठेकेदार को काम की प्रारंभिक तिथि से पहले किसी भी नुकसान या क्षति अथवा व्यक्तिगत चोट या मृत्यु के लिए बीमा रक्षा प्रदान करना था। न्यूनतम बीमा रक्षा चार घटनाओं तक सीमित प्रति घटना ₹ पांच लाख होना चाहिए था। विफलता के मामले में, नियोक्ता को ठेकेदार को बकाया किसी भी भुगतान से प्रीमियम वसूलना था। 43 समझौतों में न तो ठेकेदारों ने ₹ 8.60 करोड़ का बीमा रक्षा जमा किया और न ही नियोक्ता ने बीमा रक्षा के लिए प्रीमियम वसूल किया।
महाराष्ट्र	वर्णा	2.89	कडवी जलसेतु का कार्य ₹ 32.58 करोड़ की निविदा लागत पर दिसम्बर 2007 को दिया गया था। 6वें आर.ए. बिल (जुलाई 2010) तक ठेकेदार को ₹ 4.41 करोड़ के सुरक्षा अग्रिम सहित ₹ 14.17 करोड़ का भुगतान किया गया था जिसमें से केवल ₹ 1.52 करोड़ वसूल किए गए थें। सुरक्षा अग्रिम की शेष राशि वसूलने के बजाय इस बिल के द्वारा ₹ 60.12 लाख का भुगतान किया गया था। इस प्रकार, 2009 से ₹ 2.89 करोड़ की राशि वसूल नहीं की गई थी।
	लोअर पेढी	3.91	संविदा समझौते में ठेकेदार को संचालित अग्रिम के भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं था। हालांकि, कार्यकारी अभियंता ने ठेकेदार को ₹ 7.50 करोड़ के संचालित अग्रिम का भुगतान (अप्रैल 2010) किया। इसके अलावा, परियोजना के लिए आवश्यक भूमि परियोजना प्राधिकरणों के कब्जे में भी नहीं थी। ऐसे मामले में काम की प्रगति को प्राप्त करने के लिए संचालित अग्रिम के भुगतान का उद्देश्य संभव नहीं था। अप्रैल 2010 में अग्रिम प्रदान किए जाने के बावजूद, इस तथ्य के बावजूद भुगतान की तारीख से सात साल बाद भी संचालित अग्रिम पूरी तरह से वसूल नहीं किया गया, इस तथ्य के बावजूद ठेकेदार ने मार्च 2017 तक (फरवरी 2017 में 11वें आर.ए. बिल का भुगतान किया गया) ₹ 12.36 करोड़ की लागत वाले कार्य को निष्पादित किया था। अगस्त 2017 तक ₹ 5.10 करोड़ की मूल राशि और ₹ 4.09 करोड़ का ब्याज वसूल किया जा सका तथा ₹ 2.40 करोड़ मूलधन और ₹ 1.51 करोड़ ब्याज की राशि वसूली के लिए बकाया थी।
	संगोला शाखा नहर	2.27	एम.पी.डब्ल्यू. मैनुअल, 213(1) के अनुसार सभी मामलों में सुरक्षा जमा को संविदा की उचित पूर्ति के लिए ली जानी चाहिए।

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
			खंड 38 के तहत ई.आई.आर.एल. के प्रदान करने और अतिरिक्त मात्रा के मामले में एस.डी. वसूल नहीं किया गया था जैसा कि मुख्य जलसेतु के अंतिम आर.ए. बिल और इस परियोजना के तहत नहरों के अस्तर के एवं जलसेतु को सुदृढ़ करने के अन्य कार्यों रूप नवीनतम आर.ए. बिल में देखा गया था। इस तरह की ई.आई.आर.एल. और अतिरिक्त मात्राएं क्रमशः ₹ 30.97 करोड़ और ₹ 14.51 करोड़ थी। चूंकि एस.डी. की दर पांच प्रतिशत है, इसका यह अर्थ है कि ठेकेदार से ₹ 2.27 करोड़ की राशि वसूल नहीं की गई थी।
तेलंगाना	एस.आर.एस.पी. के इंदिराम्मा बाढ़ प्रवाह नहर	4.42	ठेकेदार संचालित अग्रिम के लिए पात्र थें जो चालू खाता बिलों से वसूल किए जाने योग्य थें। आई.एफ.एफ.सी. के मिड मैनेयर जलाशय कार्य पर ठेकेदार को ₹ 16.97 करोड़ (संविदा मूल्य के पांच प्रतिशत) का संचालित अग्रिम का भुगतान किया (मार्च 2010) गया था। अन्य एजेंसियों को कुछ हिस्सों के सौंपने के कारण काम के दायरे को ₹ 255.95 करोड़ तक घटाया (नवंबर 2010) गया था। ₹ 16.97 करोड़ के संचालित अग्रिम में से ₹ 12.55 करोड़ की राशि वसूल (अप्रैल 2010) की गई थी। सात साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ₹ 4.42 करोड़ की शेष राशि वसूल नहीं की गई थी।
उप कुल योग		**42.86**	
उत्खनन कार्यों के प्रति बकाया राशि की कम वसूली			
गुजरात	सरदार सरोवर परियोजना	20.74	खुदाई किए गए हार्ड रॉक और सॉफ्ट रॉक की न तो गणना की गई थी और न ही निपटान किया गया था। इसके अलावा, ठेकेदार के बिल से चट्टानों की खुदाई के लिए मद दरों से कोई कटौती इस आधार पर नहीं की गई थी कि इस संविदा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था जिससे ₹ 20.74 करोड़ की हार्ड रॉक के लागत की गैर-वसूली हुई।
मध्य प्रदेश	महुआर परियोजना	0.15	महुआर राइट बैंक नहर के एक समझौते और महुआर लेफ्ट बैंक नहर के तीन समझौते में कुल 1,13,999.30 घन मीटर हार्ड रॉक की खुदाई की गई थी जिसे ठेकेदार को जारी किया जाना चाहिए और जिसके लिए ठेकेदार के भुगतान से ₹ 74.86 लाख वसूल किए जाने योग्य था। लेकिन विभाग ने केवल ₹ 59.56 लाख वसूल किए जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 15.30 लाख का अनुचित लाभ हुआ।
ओडिशा	लोअर सुकतेल	1.24	लीड प्रभारों सहित ओ.सी.सी. के प्रस्ताव मूल्य के अनुसार हार्ड रॉक की लागत ₹ 344.20 प्रति घन मीटर पर पहुंच गई। लेकिन विभाग ने स्पिलवे, एल.एस.आई.पी. के लिए हार्ड पत्थर की पुनर्प्राप्ति के प्रति ओ.सी.सी. से वसूली योग्य ₹ 230.20 प्रति घन मीटर की दर को अंतिम रूप दिया था। ₹ 114.00 प्रति घन मीटर कठोर पत्थर की कम वसूली हुई थी। इसलिए, ठेकेदार को 1.09 लाख घन मीटर पुनर्प्राप्ति योग्य हार्ड रॉक के लिए कम वसूली के लिए ₹1.24 करोड़ का अनुचित वित्तीय लाभ पहुँचाया गया था।
तेलंगाना	पलेम्वगू	1.67	पलेम्वगू परियोजना के लिए समझौते की शर्तों के अनुसार काम पर ठेकेदार द्वारा भूमि के उपयोग पर प्रभुत्व प्रभारों की वसूली की जानी

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
			थी। समझौते में यथा निर्धारित दरों पर ठेकेदारों के चालू खाता बिलों से वसूलियां की जानी थी। ठेकेदारों ने अतिरिक्त स्पिलवे काम के लिए 7,86,545 घन मीटर मिट्टी की मात्रा का उपयोग करके बाँध के काम को निष्पादित किया और उन्हें ₹ 11.64 करोड़ भुगतान (मार्च 2017) किया गया। हालांकि, प्रभुत्व प्रभार केवल 25,888 घन मीटर की मात्रा के लिए वसूल किए गए, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.67 करोड़ की कम वसूली और ठेकेदार को अनुचित लाभ हुआ।
उत्तर प्रदेश	लाचूरा बांध	9.22	भारतीय मानक कोड आई.एस.-1200 भाग-I में निर्धारित है कि नहरों की खुदाई में जहां नरम मिट्टी, कठोर मिट्टी, मुलायम या विघटित चट्टान और कठोर चट्टान को मिश्रित किया जाता है वहां उत्खनित चट्टान का कुल मात्रा तक पहुंचने के लिए कुल उत्खनित मात्रा से मिट्टी की मात्रा घटाई जानी चाहिए। संविदा की शर्तों के अनुसार, खुदाई किए गए पत्थरों को बांध के निर्माण पर आवश्यकता के अनुसार उपयोग किया जाना था और शेष पत्थरों की लागत को ठेकेदार से वसूल किया जाना था। रिकॉर्ड के अनुसार, डिवीजन ने मार्च 2017 तक बांध पर पिचिंग कार्यों के लिए 1,46,953.25 एम^3 पत्थरों का उपयोग किया। हालांकि, ₹ 9.22 करोड़ के शेष 2,09,657.87 एम पत्थर ठेकेदार के पास थे और ठेकेदार से इन पत्थरों की वसूली लागत जुलाई 2017 तक लंबित थी।
उप कुल योग		**33.02**	
कुल एमएम.आई. परियोजनाएं		**300.90**	

बी: एम.आई. योजनाएं

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
जोखिम और लागत खंड का आहवान किए बिना संविदाओं की समाप्ति			
मध्य प्रदेश	बर्खेड़ा छज्जू, पारसाटोला, चंदवाही और मिरहसन	0.28	यह देखा गया कि ठेकेदार द्वारा कार्य में देरी या गैर-निष्पादन के कारण मूल समझौतों को रद्द कर दिया गया था और शेष कार्यों को विकलनीय खंड के तहत उच्च दरों पर अन्य समझौतों के माध्यम से निष्पादित किया गया था, लेकिन इसके लिए वसूली/कम वसूली नहीं की गई थी जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों को ₹ 2.79 लाख का अनुचित वित्तीय लाभ हुआ।
उप कुल योग		**0.28**	
परिनिर्धारित हर्जाने एवं अन्य जुर्मानों की गैर-वसूली			
असम	हटीगुड़ी एफ.आई.एस.	0.13	कार्य को जून 2010 में ₹ 1.27 करोड़ की लागत पर 12 महीनों के भीतर पूरा करने के लिए सौंपा गया। काम को जनवरी 2014 में 32 महीने की देरी के बाद पूरा कर लिया गया था लेकिन ठेकेदार से ₹ 12.75 लाख के निविदा मूल्य के 10 प्रतिशत की दर से आवश्यक परिनिर्धारित हर्जाने की वसूली नहीं की गई थी।

राज्य	परियोजना का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	प्रकृति
झारखंड	15 एम.आई. योजनाएं	1.16	15 एम.आई. योजनाओं के लिए कार्य में देरी हुई और ठेकेदार से एल.डी. के वसूली योग्य ₹ 1.16 करोड़ वसूल नहीं किया गया।
मध्य प्रदेश	कचनारी डायवर्सन स्कीम और सावली टैंक	0.51	ठेकेदार ने समापन की निर्धारित अवधि के भीतर कार्य निष्पादित या पूरा नहीं किया, लेकिन विभाग ने उसके लिए जुर्माना नहीं लगाया और समय में विस्तार किया। इसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों को ₹ 50.92 लाख का अनुचित वित्तीय लाभ हुआ।
	बारखेड़ा छज्जू	0.09	मानक निविदा दस्तावेज के अनुसार, ठेकेदार को परीक्षण के लिए फील्ड प्रयोगशाला स्थापित करनी थी, ऐसा न करने पर ठेकेदार के भुगतान से ₹ 50,000 प्रति माह की वसूली तब तक की जानी थी जब तक प्रयोगशाला की स्थापना नहीं हो जाती। यह देखा गया कि ठेकेदार ने फील्ड प्रयोगशाला स्थापित नहीं की लेकिन विभाग ने उसके लिए ₹ नौ लाख जुर्माना वसूल नहीं किया।
कुल योग		**1.89**	
उत्खनन कार्यों की ओर बकाया राशि की कम वसूली			
मध्य प्रदेश	मीराहसन	0.10	एक समझौते में ठेकेदार को 16,688.18 घन मीटर की मात्रा में हार्ड रॉक जारी किया गया था लेकिन वसूली केवल 5,988.16 घन मीटर के लिए की गई जिसके परिणामस्वरूप शेष मात्रा की कम वसूली के लिए ठेकेदार को ₹ 10.05 लाख का अनुचित लाभ हुआ।
	बारखेड़ा छज्जू	0.19	• प्रावधानों के अनुसार, एप्रोच और स्पिल चैनल को तटबंध में उपयोग के लिए खदान के रूप में दिया जाना था और स्पिलवे से प्राप्त उपयोग योग्य मात्रा में कटौती के बाद भुगतान किया जाना था। यह देखा गया था कि उत्खनित सामग्री के निपटारे के लिए एक कि.मी. के लीड के साथ कठोर मिट्टी और मुरम की खुदाई के तहत 1,54,073.61 घन मीटर की मात्रा का भुगतान किया गया था, जबकि 11,328.95 घन मीटर और 3,229.46 घन मीटर में तटबंध के निर्माण की कुल मात्रा का भुगतान उपयोग योग्य उत्खनित सामग्री की कटौती किए बिना उधार क्षेत्र से सामग्री के लिए किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 15.38 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। • प्रावधानों के अनुसार, एप्रोच और स्पिल चैनल को तटबंध में उपयोग के लिए खदान के रूप में दिया जाना था और स्पिलवे से प्राप्त उपयोग योग्य मात्रा में कटौती के बाद भुगतान किया जाना था। यह देखा गया था कि 1,81,878 घन मीटर मात्रा की मिट्टी की खुदाई की गई थी और तटबंध के लिए 89,527.62 घन मीटर की मात्रा का भुगतान किया गया था, लेकिन उपयोग योग्य मात्रा के लिए कोई कटौती नहीं की गई थी। इसके अलावा, 7,446.52 घन मीटर की मात्रा के विभिन्न मदों (फिल्टर रेत, स्टोन पिचिंग, स्टोन चिप्स एवं रॉक) का भी भुगतान किया गया था, लेकिन कुल देय मात्रा निकालने के लिए कुल तटबंध मात्रा से कटौती नहीं की गई थी। इसके परिणामस्वरूप ₹ 4.43 लाख की कम वसूली हुई।
कुल योग		**0.29**	
कुल एम.आई. योजनाएं		**2.46**	